● जयपुर, गुरुवार, 11 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 313 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर विकास प्राधिकरण ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर, नवीन अवैध...

पेज @4 आईएचएफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल में भारत की विजयी शुरुआत...

पेज @8 » पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह...

राजस्थान बजट 2024 विजन 2047

# हर साल 1 लाख नौकरी, बच्चों को फ्री टैबलेट-इंटरनेट मिलेगा

## पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ होंगे, कर्मचारियों-महिलाओं को सस्ता लोन मिलेगा

**चमकता राजस्थान**









जयपुर। भजनलाल सरकार का पहला फुल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में 2 घंटे 51 मिनट लंबा भाषण दिया। अपने पहले बजट भाषण में दीया कुमारी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं।

सरकार आने वाले 5 साल में 4 लाख से ज्यादा नई नौकरी देगी। वहीं, वन स्टेट, वन इलेक्शन कॉन्सेप्ट के तहत पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इसके साथ ही एससी-एसटी वर्ग में आने वाले सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन भी दिया जाएगा।

सेल्फ हेल्प ग्रुप के साथ काम करने वाली महिलाओं को भी सरकार कम ब्याज में लोन देगी, जबकि राजस्थान के स्कूली स्टूडेंट का मेरिट में आने पर टैबलेट और फ्री इंटरनेट की भी घोषणा की गई है।

बजट में हेल्थ और पुलिस विभाग में करीब 9 हजार नए पद भी सृजित करने की घोषणा की गई है। शहरी विकास के लिए बजट में 1300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राजस्थान में 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की घोषणा को एक बड़े डेवलपमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। बजट भाषण के दौरान विपक्ष ने कई बार हंगामा भी किया। कांग्रेसी विधायकों ने कहा कि बजट की घोषणाएं पुरानी हैं, जो उनकी सरकार ने की थी। अब इन्हें रिपीट किया जा रहा है।

भजनलाल सरकार ने इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खासा फोकस किया है। जलजीवन मिशन में इस साल 15 हजार करोड़ खर्च कर 25 लाख ग्रामीण घरों में नलों से पानी पहुंचाने की घोषणा की गई है। एनर्जी सेक्टर में 2031-32 का टारगेट रखकर 2.25 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

बजट में पांच साल में 13 हजार किमी लंबाई का सड़क नेटवर्क विकसित करने की घोषणा की है, इस पर 60 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रदेश में पहली बार 2750 किमी से अधिक की लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे, इसके लिए 30 करोड़ की लागत से डीपीआर बनाई जाएगी।

बजट में राजस्थान इरीगेशन वाटर ग्रिड मिशन शुरू करने की घोषणा की है, सभी जिलों में पानी बचाने और सिंचाई के लिए 50 करोड़ खर्च होंगे। 14 हजार 350 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई व पेयजल परियोजनाओं पर 1 हजार 240 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

बाढ़ के दौरान व्यर्थ बहने वाले पानी को बचाने के लिए रन ऑफ वॉ-टर ग्रीड के तहत 30 हजार करोड़ की लागत से ग्रीड बांधों पर काम किए जाएंगे। नहरी क्षेत्र में डिग्गी निर्माण के लिए 5 हजार किसानों को अनुदान दिया जाएगा। इस पर 5 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे।

उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बजट में दीया कुमारी ने कई घोषणाएं की हैं। प्रदेश में 4 राम-जानकी औद्योगिक क्षेत्र बनाने का ऐलान किया गया है। बाड़मेर के धर्मपुरा, उदयपुर के माल की तूस, पाली के वरकाना और बूंदी के नैनवा में रामजानकी औद्योगिक क्षेत्र बनेंगे।

प्रदेश में एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी लाई जाएगी। इसमें थीम बेस्ड इंडस्ट्री पार्क, ट्रांसपोर्ट के लिए रिसर्च और टेक्नॉलोजी और ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दिया जाएगा। टैक्सटाइल पॉलिसी, राजस्थान वेयरहाउसिंग पॉलिसी, नई एमएसएमई पॉलिसी लाने की घोषणा की है। इस साल होने वाले इन्वेस्टर समिट के साथ नॉन रेसिडेंट राजस्थान कॉन्क्लेव आयोजित होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी और आस्ट्रियाई चांसलर के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

# रणनीतिक साझीदारी के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि वार्ता के दौरान व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, एआई, स्टार्ट-अप, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, सांस्कृतिक सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंध से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

इससे पहले द्विपक्षीय संबंधों में नया इतिहास रखते हुए प्रधानमंत्री का आस्ट्रिया के चांसलर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। संघीय चासंलर परिसर में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यह ऐतिहासिक यात्रा 4 दशकों के बाद हो रही है।

इस दौरान दोनों नेताओं ने साझा पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतराष्ट्रीय संस्थाओं में रिफॉर्म पर सहमत हैं ताकि उन्हें समकालीन और प्रभावी बनाया जा सके। दोनों देश आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं और इस बात पर सहमत हैं कि इसे किसी भी रूप में स्वीकार्य और न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता।



उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने विश्व में चल रहे विवादों जैसे यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर विस्तार से बात की। वे पहले भी कह चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। साथ ही इस दौरान जलवायु परिवर्तन पर भी चर्चा हुई। जलवायु विषय में भारत आस्ट्रिया को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए टकराव और जैव-ईंधन गठबंधन जैसी पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

सहमति के बिन्दुओं पर जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देश आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। साथ ही संबंधों को स्ट्रैटेजिक दिशा प्रदान की जाएगी।

### पहले से बेहतर हुए हैं आर्थिक और व्यापारिक संबंध : कार्ल नेहमर

आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही। ऐसे में निर्यातोन्मुखी अर्थव्यवस्था ऑस्ट्रिया के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि वे नये आर्थिक सहयोग तलाशें। आज उनके देश के भारत के साथ पहले से बेहतर आर्थिक और व्यापारिक संबंध हैं। जो आपसी विश्वास और भरोसे को दर्शाते हैं। वर्तमान में दोनों देशों का व्यापार 2.7 अरब यूरो है। 150 से अधिक ऑस्ट्रियाई व्यवसाय भारत में काम कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह संख्या बढ़ेगी। ऑस्ट्रिया में भारतीय निवेश भी होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सतना में एक परिवार के चार सदस्यों के शव मिलने से फैली सनसनी

**सतना/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में एक परिवार के चार सदस्यों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला और उसके दो बच्चों की घर में हत्या की गई है, वहीं पति का रेलवे ट्रैक पर शव मिला है। मामला संदिग्ध है और पुलिस जांच में जुटी है। बताया गया है कि सतना के कोतवाली थाना क्षेत्र के नजीराबाद में हरदौल बाबा मंदिर के पास में एक परिवार एक दिन पहले ही किराए के मकान में रहने आया था। राकेश चौधरी, उसकी पत्न ी संगीता और दो बेटे निखिल तथा ऋषभ साथ रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, बुधवार को महिला संगीता चौधरी के अलावा उसके दो बेटे निखिल और ऋषभ के शव घर में मिले, जिनकी धारदार हथियार से हत्या की गई है। वहीं राकेश चौधरी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। राकेश मूल रूप से तिघरा गांव का रहने वाला था और मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पूरे परिवार की मौत का मामला उलझ गया है।

### महाराष्ट्र के हिंगोली में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, कोई हताहत नहीं

**हिंगोली/एजेंसी।** महाराष्ट्र के हिंगोली में बुधवार को रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का हल्का भूकंप आया जिससे जिले और मराठवाड़ा-विदर्भ क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में लोग दहशत में आ गए। केंद्र के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, बुधवार सुबह 7.14 बजे 10 किलोमीटर की गहराई पर 4.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

हिंगोली कलेक्टर जितेंद्र पापलकर ने एक बयान में कहा कि जिले के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं और इसका केंद्र कलमनुरी तालुका के रामेश्वर टांडा गांव में था।

नांदेड़, छत्रपति संभाजीनगर जैसे अन्य जिलों में भी करीब 20 सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कई लोग अचानक धरती और छत के पंखे हिलने से घबरा गए और कुछ लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप करीब 20 सेकंड तक रहा।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसाः

# स्लीपर बस की टैंकर से भीषण भिड़ंत, 18 लोगों की मौत

**उन्नाव/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार को एक भीषण हादसा हो गया, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उन्नाव में बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि जिले में बुधवार को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दिल्ली जा रही स्लीपर बस बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में हवाई पट्टी पर टैंकर से टकरा गई। हादसे 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।



हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) कर्मियों ने पुलिस को हादसे की जानकारी देकर बचाव कार्य शुरू किया। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। चश्मदीदों ने बताया कि स्लीपर बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस रेस्क्यू में जुट गई और उन्नाव के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

बेहटा मुजावर पुलिस ने बताया कि यह हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुबह लगभग 5:15 बजे हुआ। बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस के दूध के टैंकर से टक्कर होने से 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया है। शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और घायलों को सही इलाज का निर्देश दिया है। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट किया, जिला उन्नाव में सड1क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है।

### बिहार में एक और पुल गिरा, 5 साल पहले बना था ब्रिज

**सहरसा/एजेंसी।** बिहार में बुधवार को एक और छोटा पुल ढह गया. राज्य में पिछले 21 दिनों में इस तरह की यह 13वीं घटना है. सहरसा जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) ज्योति कुमार ने बताया, ₹हमें अभी सूचना मिली है कि महिषी गांव में ऐसी घटना घटी है. यह एक छोटा पुल या पुलिया हो सकता है. जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी वहां पहुंच रहे हैं. हम घटना के बारे में और जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं.₹

एडीएम ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. पिछले कुछ हफ्तों के दौरान कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों और पुलियों के ढहने पर राज्य सरकार ने 15 इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले हफ्ते संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक के बाद संबंधित अधिकारियों को राज्य के सभी पुराने पुलों का सर्वेक्षण करने और उन पुलों की पहचान करने का स्पष्ट निर्देश दिया था, जिनकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है. मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को राज्य में पुलों या पुलियों के लिए अपनी-अपनी रखरखाव नीति तुरंत तैयार करने को भी कहा था.

### सडक दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत

**किश्तवाड़/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़-दच्छन मार्ग पर दच्छन से आगे तंदर हॉर्नी नाले में एक कार फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे एक और सड×क दुर्घटना में एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. दुर्घटना के समय परिवार के छह सदस्य कार में यात्रा कर रहे थे. इन छह में से चार की मौत हो गई, जिनमें एक महिला, उसकी दो बेटियां और एक नाबालिग बेटा शामिल है. पुलिस ने प्रेस रिप ोर्ट में कहा कि श्रीनगर से दच्छन जा रही एक कार, जेके01के 5426, सड़क से फिसलकर नाले में गहरी खाई में गिर गई, जिससे परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर स्थानीय लोग, स्वयंसेवक और पुलिस मौके पर पहुंचे और तीन शवों और तीन घायलों को खाई से निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया.

# जनसंख्या नियंत्रण के लिये क्रांति का शंखनाद हो

प्रतिवर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाता है, यह दिवस 11 जुलाई, 1987 से मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी 5 अरब हो गयी थी। यह दिवस जनसंख्या वृद्धि, इसके विकास एवं स्थिरता पर प्रभाव के जटिल मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समूची दुनिया को एकजुट करता है और आयोजनात्मकता से आगे बढ़कर वैश्विक जनसंख्या वृद्धि की चुनौतियों और अवसरों पर वैश्विक संवाद और कार्रवाई को उत्प्रेरित करता है। यह सतत और संतुलित भविष्य प्राप्त करने एवं शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देता है। वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या आठ अरब 11 करोड़ 88 लाख के लगभग है जो वर्ष 2023 से 0.91 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। इसी अवधि में भारत की जनसंख्या एक अरब 44 करोड 17 लाख है जो वर्ष 2023 से 0.92 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। भारत जनसंख्या के हिसाब से चीन को पीछे छोड़ कर विश्व में पहले नंबर पर आ गया है। चीन की वर्तमान जनसंख्या 1 अरब 42 करोड़ 51 लाख है। जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों और सेवाओं पर दबाव डालती है। जनसंख्या जिस तीव्र गति से बढ़ रही है, उस गति से आर्थिक विकास एवं अन्य विकास नहीं हो रहा है, जो एक गंभीर समस्या के रूप में बड़ी चुनौती है।

बात जब जनसंख्या वृद्धि की हो रही है तो दुनिया में भारत की बढ़ती जनसंख्या न केवल चौंका रही है, बल्कि एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। भारत अब दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला मुल्क हो गया है, परेशानी में डालने वाली इस खबर के प्रति सचेत एवं सावधान होने के साथ सख्त जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू करने की अपेक्षा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत साल 2023 में ही चीन से ज्यादा आबादी वाला देश हो गया था। जबकि पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि साल 2027 में भारत दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होगा। बढ़ती जनसंख्या की चिन्ता में डूबे भारत के लिये चार साल पहले ही दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होना कोई गर्व की बात नहीं है। भारत के लिये बढ़ती आबादी एवं सिकुड़ते संसाधन एक त्रासदी है, एक विडम्बना है, एक अभिशाप है। क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। जनसंख्या वृद्धि ने कई चुनौतियों को जन्म दिया है किंतु इसके नियंत्रण के लिये कोरे कानूनी तरीके को एक उपयुक्त कदम नहीं माना जा सकता। इसके लिये सरकार को जनसंख्या पर तुरंत पारदर्शी एवं सख्त नियंत्रण के कदम उठाने के साथ, भारत के लिये प्रभावी जनसंख्या नीति को लागू करना, आम जनता की सोच एवं संस्कृति में बदलाव लाना होगा, लेकिन दुर्भाग्य से अभी कुछ हो ही नहीं रहा है।

पूरी दुनिया की आबादी में अकेले एशिया की 61 फीसदी हिस्सेदारी है। यह रिपोर्ट साफ इशारा करती है कि जहां कम आबादी है, वहां ज्यादा संपन्नता है। भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, इसी से बेरोजगारी बढ़ रही है, महंगाई भी बढ़ने का कारण यही है, संसाधनों की किल्लत भी इसी से बनी हुई है। यही एक कारण भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने की सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में सबको नौकरी मिलना इतना आसान नहीं। इसलिए सरकार शीघ्र सुसंगत जनसंख्या नीति लागू करे। जिसको दिक्कत हो और ज्यादा बच्चे पैदा करके मनमानी करनी हो, उनके खिलाफ कानूनी सजा के प्रावधान किये जाये। यह एक अराष्ट्रीय सोच है कि अधिक बच्चे पैदा करके उनकी जिंदगी कष्ट में झोंकना। जब बच्चे को सुखी जिंदगी नहीं दे सकते, तो दूसरों के भरोसे उन्हें पैदा करने की प्रवृत्ति शर्मनाक है। यह देखने में आ रहा है कि आज के वैज्ञानिक युग में भी कुछ समुदाय बच्चे पैदा करने को लेकर रूढ़िवादी नजरिया अपनाए हुए हैं और उनकी प्रतिक्रिया में अन्य समुदायों के नेता भी ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की वकालत करने लगे हैं। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। इस तरह जनसंख्या बढ़ोतरी की पैरोकारी करने वालों की निंदा की जानी चाहिए, चाहे वे किसी मजहब के हों। क्योंकि देश की तरक्की की सबसे बड़ी बाधा बढ़ती जनसंख्या ही है।

भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में राजनीति एवं तथाकथित स्वार्थी राजनीतिक सोच बड़ी बाधा है। अधिकांश कट्टरवादी मुस्लिम समाज लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने के लिए अपने संख्या बल को बढ़ाने के लिये सर्वाधिक इच्छुक रहते हैं और इसके लिये कुछ राजनीतिक दल उन्हें प्रेरित भी करते हैं। ऐसे दलों ने ही उद्घोष दिया है कि ''जिसकी जितनी संख्या भारी सियासत में उसकी उतनी हिस्सेदारी।'' जनसंख्या के सरकारी आकड़ों से भी यह स्पष्ट होता रहा हैं कि हमारे देश में इस्लाम सबसे अधिक गति से बढ़ने वाला संप्रदाय-धर्म बना हुआ हैं। इसलिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है कि ये कट्टरपंथी अपनी जनसंख्या को बढ़ा कर देश के लिये बड़ी समस्या खड़ी कर रहे हैं। सीमावर्ती प्रांतों जैसे पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर आदि में वाकायदा पडौसी देशों से मुस्लिमों की घुसपैठ कराई जाती है और उन्हें देश का नागरिक बना दिया जाता है, यह एक तरह का ''जनसंख्या जिहाद'' है क्योंकि इसके पीछे इनका छिपा हुआ मुख्य ध्येय हैं कि धर्मनिरपेक्ष भारत का इस्लामीकरण किया जाये।

हमारी जनसंख्या नियंत्रण संबंधी नीतियां बहुत उदार रही हैं, जिसकी वजह से हम आबादी बढ़ने की रफ्तार को जरूरत के हिसाब से थाम नहीं पाए। चीन ने साल 1979 में ही एक संतान नीति को पूरी कड़ाई से लागू कर दिया था, इसका नतीजा हुआ कि उसे आबादी की रफ्तार रोकने में कामयाबी मिली। ध्यान देने की जरूरत है कि साल 1800 में भारत की जनसंख्या लगभग 16.90 करोड़ थी। चीन आबादी के मामले में कभी भारत से लगभग दोगुना था। 1950 के बाद दोनों देशों की आबादी तेजी से बढ़ने लगी। साल 1980 में चीन एक अरब जनसंख्या तक पहुंच गया। इसके ठीक एक वर्ष पहले वहां एक संतान की नीति लागू हुई थी। भारत साल 2000 में एक अरब के आंकड़े के पार पहुंचा और अब चीन से आगे निकल गया है। चीन एक संतान की नीति को 2016 में वापस ले चुका है, लेकिन इसके बावजूद वहां आबादी पर नियंत्रण है, क्योंकि वहां की राष्ट्रीय भावना, संस्कृति और सोच, दोनों में बदलाव आ चुका है। लेकिन भारत में ऐसा न होने का कारण राजनीति एवं उसके द्वारा पोषित मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है। इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्र, सीरिया, ईरान, यू.ए. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं।

# भारत-रूस मित्रता को जीवंतता देने का सार्थक प्रयास



ललित गर्ग

भारत-रूस की मैत्री को नये आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति पूतिन ने न केवल मैत्री के धागों एवं द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती दी है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को नये शिखर देने का प्रयास किया है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के लिये एक नए सोच के साथ नये सफर का आगाज है। एक ऐसे समय में, जबकि यूक्रेन-रूस युद्ध को पश्चिमी देशों के विरोध के कारण रूस दुनिया में अलग-थलग है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में पहले विदेश यात्रा के लिये रूस का चयन करके जता दिया है कि भारत-रूस की मैत्री अक्षुण्ण है और किसी भी तरह के दुनिया के दबाव में यह दोस्ती कमजोर नहीं पड़ने वाली है। भारत ने जहां मैत्री को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, वहीं अपने मित्र देश को युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में अपना स्पष्ट रुख भी जताया है। मोदी की इस यात्रा की एक बड़ी निष्पत्ति यह है कि रूस में अब दो नये वाणिज्यिक दूतावास खुलने जा रहे हैं, जिससे हमारी आर्थिक गतिविधियां तेजी से एवं ज्यादा बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने विरोध जताया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूस की मैत्री बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपने मैत्री-मूल्यों को किसी भी दबाव में कमतर नहीं होने देगा। भले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके हो या अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी हो। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अपनी युद्ध विरोधी सोच के चलते ही यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस नहीं गए थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पाई थी। इससे रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाए रखना चाहता है। दुनिया में बन रही इस नई धारणा को तोड़ना जरूरी था, इसी दृष्टि से इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने का ध्येय था, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है।

खुद प्रधानमंत्री मोदी ने भी राष्ट्रपति पूतिन के साथ बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। दुनिया भर में इस यात्रा को गहरी उत्सुकता से देखा जा रहा है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत अब एक स्वतंत्र ताकत है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर



अग्रसर है, बड़े शक्तिशाली देशों के लिये भी भारत एक बाजार है। इसलिये भारत किसी भी दबाव में न आते हुए शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा। रूस समर्थकों ने भले ही यह दर्शाना चाहा हो कि मोदी की यात्रा से भारत ने पश्चिम को चुनौती दी है और इससे पश्चिमी देश 'ईर्ष्या से जल रहे हैं', परंतु असल में भारत ऐसा कोई मंतव्य नहीं रखता है।

यह यात्रा अनेक कारणों एवं दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण रही, यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र राष्ट्र को मैत्रीपूर्ण सलाह देते हुए पूरी बेबाकी से कहा, 'युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।' यह प्रधानमंत्री मोदी का वैसा ही बयान है जैसा दो साल पहले समरकंद में पूतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है'। असल में भारत हमेशा से शांति के उजालों एवं युद्ध के अंधेरों से मुक्ति का ही समर्थक रहा है। भारत की स्पष्ट मान्यता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने बम-बंदूक के बजाय शांति-वार्ता के जरिये समाधान की बात दोहराई। मोदी ने साहस एवं निर्भयता से पुतिन को दो टूक कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं। चूंकि भारतीय प्रधानमंत्री की मास्को यात्रा के मौके पर ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के अस्पताल को भी निशाना बनाया, इसलिए उन्होंने बिना किसी संकोच यह भी कह दिया कि युद्ध या संघर्ष अथवा आतंकी हमलों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है। देखना यह है कि यूक्रेन युद्ध पर भारतीय प्रधानमंत्री की फिर से खरी बात पर रूसी राष्ट्रपति कितना ध्यान देते हैं, लेकिन भारत को रूस के साथ अपनी मित्रता जारी रखते हुए यह स्पष्ट करते रहना होगा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त होते हुए देखना चाहता है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के भी हित में है। इसी के साथ भारत ने अपने मित्र देश को अपनी तकलीफ को साझा करते हुए यह एहसास दिलाने की भी कोशिश की गई कि चीन के साथ उसकी नजदीकी परोक्ष रूप से पाकिस्तान को उत्साहित करती है, जो भारतीय जमीन पर आतंकी गतिविधियों को खाद-पानी मुहैया कराने का काम करता है। रूस भारत के सहयोग के लिये तत्पर रहता है, इसबार भी यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है बल्कि नियुक्त किए जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी मान गया है। इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सफल कूटनीति के एक उत्तम उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारतीय हितों की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व मानवता की बात करना इसी रणनीति का हिस्सा था। अन्य पहलू है, इस द्विपक्षीय रिश्ते में कौन-कौन से नए क्षेत्र शामिल किए जा सकते हैं, ताकि यह संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच सके। विज्ञान-प्रौद्योगिकी और 'पीपुल-टु-पीपुल कॉन्टैक्ट' यानी आम लोगों के स्तर पर आपसी संबंध को आगे बढ़ाने पर रजामंदी को इसी नजरिये से देखा जाना चाहिए। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना। भुगतान की टिकाऊ व्यवस्था पर जोर इसकी एक बानगी है। अच्छी बात यह भी रही कि ईंधन के मामले में भारत को स्थिरता प्रदान करने में रूसी योगदान की प्रधानमंत्री मोदी ने खुलकर सराहना की, जो उचित भी था, क्योंकि अब हम खाड़ी देशों के बजाय सबसे अधिक तेल रूस से ही आयात करने लगे हैं।

भारत-रूस की मैत्री का व्यापक महत्व है। यह पुराना मित्र देश का भारत की ताकत रहा है, मार्गदर्शक रहा है, हर सुख-दुःख का साथी रहा है। नेहरु युग से ही भारत-रूस के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। दोनों देशों की संस्कृति, संगीत, कला, साहित्य के बीच भी गहरा आत्मीय लगाव रहा है। भारतीय फिल्में रूस में बड़े चाव से देखी जाती रही है। कश्मीर के मसले पर भारत जब-जब अलग-थलग पड़ता रहा, तब तब रूस ने भारत का साथ दिया। 1955 में रूस के राष्ट्रपति निकिता ख्रुश्चेव ने कश्मीर पर भारतीय संप्रभुता के लिए समर्थन की घोषणा करते हुए कहा था, 'हम इतने करीब हैं कि अगर आप कभी हमें पहाड़ की चोटियों से बुलाएंगे तो हम आपके पक्ष में खड़े होंगे।' आश्वासन सिर्फ मुंहजबानी नहीं था बल्कि सोवियत संघ ने 1957, 1962 और 1971 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन प्रस्तावों को वीटो कर दिया था, जिसमें कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की बात कही गई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान भी जब पाकिस्तान के पक्ष में अमेरिका भारत पर लगभग आक्रमण करने ही वाला था, तब रूस द्वारा भारत के पक्ष में भेजी गई सैन्य सहायता ने ही अमेरिका को अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर किया था।

भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी रूस का अनूठा योगदान रहा है। रूस ने ही भारत को सैन्य हथियारों व अन्य साजोसामान की आपूर्ति करके अपने दुश्मनों का सफलतापूर्वक सामना करने में समर्थ बनाया है। ऐसे भरोसेमंद देश के साथ जब बीच के दौर में आर्थिक कारणों व वैश्विक दबावों के चलते दूरी आने लगी थी तो दोनों ही देशों की जनता ने मांग उठायी कि ऐसे विश्वसनीय सहयोगी को खोना उचित नहीं होगा। मोदी की यात्रा से भारत-रूस संबंधों एवं मित्रता की नई इबारत लिखी गयी है, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सुखद होने वाले हैं।

# पार्थेनियम और इसका मानव पर प्रभाव : समस्या और समाधान



मनतार सिंह

पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस, जिसे आमतौर पर 'गाजर घास' के नाम से जाना जाता है, एक विषैली खरपतवार है जो मुख्यत: उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका में उत्पन्न हुई थी। यह अब भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित कई अन्य देशों में भी फैल चुकी है। पार्थेनियम का तेजी से फैलाव और इसके पर्यावरणीय प्रभाव चिंता का विषय बन गए हैं। इसके कारण न केवल जैव विविधता में कमी आती है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकता है। हम लोग अपने आसपास इसकी पैदावार को देखते हैं और आगे चल देते हैं। गांव हो या शहर, सड़कों के दोनों ओर यह बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं। प्रशासन इस पर ध्यान देती है परन्तु अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। देखा जाए तो आजकल कैंसर जैसी बीमारी से हर परिवार लड़ रहा है। विश्लेषणों से यह ज्ञात हुआ है कि कैंसर जैसी भयानक बीमारी के पीछे शायद इस पार्थेनियम का हाथ हो!

## मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव

**चर्म रोग (डर्मेटाइटिस):** पार्थेनियम के संपर्क में आने से चर्म रोग हो सकता है, जिसे 'पार्थेनियम डर्मेटाइटिस' कहा जाता है। यह रोग खुजली, लाली और फफोले जैसे लक्षणों के रूप में प्रकट होता है। लंबे समय तक संपर्क में रहने से यह स्थिति गंभीर हो सकती है।

**श्वसन रोग (रेस्पिरेटरी इश्यूज):** पार्थेनियम के पराग कण श्वसन तंत्र में जाकर अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और एलर्जिक राइनाइटिस जैसे रोग उत्पन्न कर सकते हैं। ये समस्याएं विशेष रूप से उन लोगों में होती हैं जो पार्थेनियम के आसपास लंबे समय तक रहते हैं या काम करते हैं।



**आंखों की समस्याएं :** पार्थेनियम के संपर्क में आने से आंखों में जलन, लाली और सूजन हो सकती है। लंबे समय तक संपर्क में रहने से दृष्टि संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

**पाचन तंत्र पर प्रभाव :** पार्थेनियम के पराग कण या इसके पत्तों के कणों के साथ भोजन करने से पाचन तंत्र में जलन और अल्सर जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## समस्या के समाधान

**शारीरिक सुरक्षा :** पार्थेनियम के संपर्क में आने से बचने के लिए शारीरिक सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने, लम्बी आस्तीन के कपड़े और मास्क का उपयोग करना चाहिए। खेतों में काम करने वाले मजदूरों को विशेष रूप से इन सावधानियों का पालन करना चाहिए।

**नियंत्रण उपाय :** पार्थेनियम के फैलाव को रोकने के लिए कुछ उपाय अपनाए जा सकते हैं ; जैसे :

**मैकेनिकल नियंत्रण :** पार्थेनियम को हाथों से उखाड़कर नष्ट करना एक प्रभावी तरीका है, हालांकि यह थकाऊ हो सकता है।

**रासायनिक नियंत्रण :** हर्बिसाइड्स का उपयोग करके पार्थेनियम को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए विशेष रूप से ग्लाइफोसेट और मेट्रीबुजिन जैसे रासायनिक तत्व प्रभावी होते हैं।

**जैविक नियंत्रण :** पार्थेनियम को नियंत्रित करने के लिए कुछ जैविक एजेंटों का उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि जैफरोमाइसेस और कुछ कीड़े जो इस पौधे को खाते हैं।

**शैक्षणिक जागरूकता :** पार्थेनियम के खतरों के बारे में जनता को जागरूक करना आवश्यक है। शैक्षणिक अभियानों के माध्यम से किसानों और ग्रामीण समुदायों को इसके दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी जा सकती है।

**स्थानीय प्रशासन की भूमिका :** स्थानीय प्रशासन को पार्थेनियम के नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। नियमित निरीक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और पार्थेनियम के फैलाव को रोकने के लिए कड़े नियम बनाए जाने चाहिए। नियमित रूप से इनको जलाया जाये।

**स्वास्थ्य सेवाएं :** उन क्षेत्रों में जहां पार्थेनियम का प्रभाव अधिक है, स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से तैयार किया जाना चाहिए ताकि प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके। त्वचा विशेषज्ञ, श्वसन रोग विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञों की टीम को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जाना चाहिए। पार्थेनियम एक गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्या है जो कई देशों में तेजी से फैल रही है। इसके प्रभावों से बचने के लिए शारीरिक सुरक्षा, नियंत्रण उपाय, शैक्षणिक जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है। पार्थेनियम के खिलाफ सामूहिक प्रयास ही इसे नियंत्रित करने में सफल हो सकते हैं, और इससे होने वाले खतरों को कम कर सकते हैं। आइये हम सब मिल कर सामूहिक रूप में इस पार्थेनियम की फसल को एक महामारी होने से रोकें।

# रूस-भारत के संबधों को और अधिक प्रगाढ़ करेगा मोदी का दौरा



मनोज कुमार अग्रवाल

रूस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस प्रकार से पलक पावडे बिछा कर भव्य स्वागत किया गया है, वह दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को उजागर करता है। अपने तीसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर रूस पहुंचे प्रधानमत्री की यह यात्रा न सिर्फ द्विपक्षी संबंधों के लिहाज से, बल्कि वैश्विक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यही कारण है कि चीन से लेकर अमेरिका तक की निगाहें भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बैठक पर टिकी हुई है। भारत के लिए यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि एक तरफ नाटो देशों का सम्मेलन हो रहा है तो दूसरी के तरफ घरेलू मोर्चे पर भारतीय मीडिया और विपक्ष चीन की बढ़ती हिमाकत भा को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। अमेरिका में नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी में ऑर्गेनाइजेशन यानी नाटो का सम्मेलन रूस को लेकर ही केंद्रित है, क्योंकि इन रूस और यूक्रेन चीते ढाई साल से युद्ध कर रहे हैं। वर्तमान में पूरी दुनिया म दो पड़ों में बेटी नजर आ रही है। एक तरफ वो देश हैं, जो रूस के खिलाफ ने हैं। दूसरी तरफ यो देश हैं, जो रूस के साथ हैं। इसी लिहाज से नेटो का ये समिट अहम माना जा रहा है। ऐसे में कुछ राजनीतिक विशेषज्ञ पीएम मोदी के दौरे को नाटो समिट के जवाब के तौर पर भी देख रहे हैं। हालांकि भारत के तरफ से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि यह द्विपक्षीय दौरा है। वैश्विक तनाव के बीच इस बीच देखा जाए तो भारत की कोशिश हमेशा से न्यूट्रल रखने की रही है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में वैश्विक शक्ति संतुलन के बीच ये लगातार दिखाया है कि वो ना तो किसी देश का पिछलग्गू है और ना रहेगा, लेकिन अपने हितों से समझौता भी नहीं करेगा। इसी वजह से अमेरिका से लेकर यूरोप के तमाम देशों यहां तक कि यूक्रेन के साथ भी भारत के संबंध सामान्य और कामकाजी बने हुए है, यह उसकी नीतियों का सम्मान है। भारत की इस नीति का परिणाम है कि रूस के साथ भारत मित्रता यथावत है, तो बदलते अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भारत अमेरिका समेत पश्चिम के भी करीब आ चुका है। हालांकि इसके बावजूद रूस और भारत के संबंधों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि रूस और चीन के अ बीच की दोस्ती बढ़ रही है, जो भारत का मुख्य प्रतिद्वंदी है। इस त्रिकोणीय रिश्ते की जटिलता तय और साफ हो गई जब पीएम मोदी ने संभाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बजाय अपने कि विदेश मंत्री को कजाकिस्तान के अस्ताना में हुई बैठक में भेजा। इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल थे। संतुलन साधने की इन चुनौतियों चुनौतियों के बीच मोदी की इस यात्रा के कई मायने हैं। सबसे पहले, यह दौरा यह संकेत देता है कि भारत और रूस के के संबंधों में गर्मजोशी बरकरार है, भले ही दुनिया में कितना भी उतार-चढ़ाव हो। दूसरा, यह दौरा भारत के उन प्रयासों को दर्शाता है जो वह अपने विदेश नीति में संतुलन बनाए रखने के लिए कर रहा है, खासकर चीन और अमेरिका जैसे बड़े देशों के साथ। इन सबके बीच यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 22 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की प्रतीक है, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी



में दारी में बातचीत का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। अपनी इस यात्रा के दौरान मोदी और पुतिन द्वारा भारत-रूस संबंधों से जुड़े तमाम पहलुओं की समीक्षा करेंगे। आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर बात करने के साथ ही वैश्विक मुद्दों और इससे जुड़ी चुनौतियों पर विचारों का आदान- प्रदान करेंगे। इस यात्रा में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई तरह के समझौते भी होंगे। रूस भारत के लिए सैन्य उपकरणों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। साथ ही व्यापार और ऊर्जा संबंधों पर समझौतों को और आगे बढ़ाया जाएगा। पीएम अपनी रूस यात्रा के दौरान व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा, यूक्रेन रूस युद्ध, रक्षा, तेल और गैस द्विपक्षीय संबंध, व्यापार और ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों पर बात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच रूस पर प्रतिबंधों के चलते भुगतान मुद्दा हल करने, रक्षा हार्डवेयर की आपूर्ति, प्रस्तावित चेन्नई व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश पर चर्चा के अलावा यूक्रेन में रूस की ओर से लड़ रहे भारतीयों के सी संवेदनशील मुद्दे पर भी बातचीत संभव है। पीएम मोदी का रूस दौरा भारत के रक्षा क्षेत्र के नजरिए से काफी अहम साबित हो सकता है। रूस भारत को नई वायु रक्षा प्रणाली और एसयू 30 एमकेआई लड़ाकू जेट, साथ ही केए-226टी बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टरों के लाइसेंस प्राप्त उत्पादन की आपूर्ति कर सकता है। भारत रूस से एक दर्जन लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रहा है। शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और पुतिन के बीच फाइटर जेट एसयू-57, एंटी टैंक गोले की फैक्ट्री डोल, मैंगो आर्मर पियर्सिंग टैंक राउंड की फैक्ट्री डील, मिलिट्री लॉजिस्टिक्स समझौता हो सकता है। इस दौरे से पहले ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत और रूस संयुक्त रूप से ५वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान विकसित करने के लिए समझौता कर सकते हैं। इस दौरे में एस-400 वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति को दोबारा शुरू करने के भारत के अनुरोध पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। 30 किमी की ऊंचाई के साथ 400 किमी तक की मारक क्षमता वाले एस-400 के लिए 2018 में समझौता हुआ था। पांच अरब डॉलर की इस डील में भारत ने पांच एस-400 मिसाइल का ऑर्डर दिया है। इनमें से तीन की डिलीवर की जा चुकी है जबकि दो अभी बाकी है। सतह से हवा में मार करने वाला यह मिसाइल सिस्टम विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल के हवाई हमलों को रोक सकता है। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच बीच मुख्य फोकस व्यापार असंतुलन को बेहतर करने पर भी हो सकता है। रूस से भारत को तेल और ऊर्जा उत्पादों में काफी वृद्धि से व्यापार घाटा बढ़ता जा जा रहा है। भारत से रूस को होने वाले निर्यात को यो गति नहीं मिल पाई है। रूस के साथ भारत का व्यापार घाटा 2022-23 में 43 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 57.2 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 की पहली तिमाही में भारत को रूस के साथ 14.7 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ सा था। रूस भारत के लिए तेल के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है, लेकिन रूस को भारत का निर्यात बढ़ते आयात के साथ तालमेल नहीं रख पाया है, जिससे एक बड़ा और बढ़ता व्यापार असंतुलन पैदा हो गया है। इसके अलावा भारत सरकार कृषि, उद्योग, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य ऊर्जा सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में रूस को निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसे बढ़ाने को लेकर इस यात्रा में खास फैसला हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो रूस और भारत दोनों देशों के लिए रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का एक अवसर है, खासकर तब जब पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस को कई तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के बीच मील का पत्थर साबित होगी और दोनों देशों के बीच रिश्ते में प्रगाड़ता और बढ़ेगी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पीएम मोदी के इस दौरे पर अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की पैनी नजर है. इसे लेकर चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भी एक लेख प्रकाशित किया है और कहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देश भारत-रूस के बढ़ते संबंधों से चिंतित हैं.प्रोफेसर लॉन्ग जिंगचुन के हवाले से चीनी अखबार ने लिखा, 'पश्चिमी देश भारत के रूस के साथ गहरे होते संबंधों से ज्यादा चिंतित हैं. चीन रूस-भारत के करीबी संबंधों को खतरे के रूप में नहीं देखता है जबकि पश्चिमी देश ही रूस के साथ भारत के बढ़ते संबंधों से परेशान हैं। ग्लोबल टाइम्स आगे लिखता है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर चीन को अमेरिका और पश्चिमी देशों से जो आलोचना और दबाव झेलनी पड़ी है, उसके उलट भारत को रूस की निंदा नहीं करने या पश्चिमी प्रतिबंधों में साथ न देने के लिए कम आलोचना का सामना करना पड़ा है. भारत ने तो रूस के साथ संबंध बनाए रखा और उससे तेल खरीदकर यूरोपीय बाजारों में बेचकर खूब मुनाफा कमाया है

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

जोन-12 (2) निजी खातेदारी में करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कोलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर, नवीन अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा

जोन-10इ ईकोलोजिकल जोन जयसिंहपुरा खोर में करीब 06 बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।

चमकता राजस्थान







**जयपुर (खलील कुरैशी)** दिनांकः 10.07.2024 को जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित जयसिंहपुरा खोर, जिला जयपुर में करीब 06 बीघा भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमति के प्राचीनतम बावडियों को नष्ट करके भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन ढाँचे व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

जोन-12

निजी खातेदारी में करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कोलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण। . प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेगस, मानसिंहपुरा, जिला जयपुर 2में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹ओजस्वी नगर-द्वितीय, तृतीय₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक का फर्श व अन्य अवैध निर्माण कर पुनः नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(3). जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सुभ्रमपुरा टी.टी. कॉलेज के पास जिला जयपुर में करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹श्री करणी विहार₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यव ाहीकानियमानुसारखर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(4). जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लोकेश टी.टी. कॉलेज के पास समरामपुरा, मॅभोरी के पास, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹माँ करणी विहार₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(5.)जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम किशोरपुरा से लोकेश टी.टी. कॉलेज जाने वाली रोड़, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्योग जगत के लिए उम्मीदों वाला बजट : झुनझुनवाला

**चमकता राजस्थान। जयपुर;(खलील कुरैशी)** । उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजुझुनझुनवाला ने राजस्थान सरकार के पहले पूर्ण बजट को उद्योग जगत के लिए उम्मीद वाला बजट बताया है।उद्योगपति झुनझुनवाला ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट में उद्योग जगत के लिए की घोषणाएं, उद्योग नीति 2024 लाने की घोषणा, नीति के तहत की जाएगी इंडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना, रिसर्च, डवलपमेंट और ग्रीन टेक्नोलॉजी को दिया जाएगा बढ़ावा, निर्यात को बढ़ाने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी लाने की घोषणा, टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नई पॉलिसी की घोषणा, गारमेंट एंड एप्रेल पॉलिसी लाए जाने की घोषणा, सप्लाई चेन



सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए भी पॉलिसी की घोषणा, राजस्थान वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक पॉलिसी की घोषणा, बालोतरा में राजस्थान पेट्रो जोन की (प्ढे) की स्थापना की घोषणा, प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब की होगी स्थापना की घोषणा की है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 के संकल्प को साकार करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल एवं उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने आज राजस्थान का 2024 25 के लिए बेहतरीन पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है । बजट से राजस्थान में उद्योग जगत ने आयाम स्थापित करेगा । उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला ने राजस्थान सरकार से आग्रह किया है की राजस्थान में उद्योग को बिजली की व्यवस्था सुचारु करने के लिए गम्भीरता से पुख्ता व्यवस्था करनी चाहिए एवं अन्य प्रदेशों की तरह बिजली सब्सिडी की व्यवस्था भी करनी चाहिए , बिजली सब्सिडी की व्यवस्था के अभाव में प्रदेश के उद्योगपति अन्य प्रदेशों में उद्योग लग रहे हैं एवं अपने उद्योग का विस्तार नहीं कर पा रहे हैं ! विकसित भारत बनाने की दिशा में यह सकारात्मक पहल साबित होगा

### बजट 2024 ने पर्यटन सेक्टर को दी शानदार सौगातें :- हुसैन खान.

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** बजट 2024 की घोषणा में पर्यटन सेक्टर को अनेक सौगातो से नवाजा गया है. मुख्य रूप से पर्यटन बोर्ड की स्थापना जो एक महत्वपूर्ण कदम सरकार की ओर से हैं. राजस्थान सरकार एवं पर्यटन सेक्टर से जुड़े हुए व्यवसाइयों के बीच समन्वय आसान होगा ! 5000 करोड़. हेरीटेज टूरिज्म, रिलिजन टूरिज्म,ग्रामीण टूरिज्म, इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म एवं वेडिंग ब्रांडिंग के लिए खर्च होंगे. जो एक ऐतिहासिक कदम है. जयपुर एयरपोर्ट को 50 लाख से 70 लाख तक की कैपेसिटी तक एक्सटेंड किया जाएगा देश एवं विदेश के पर्यटकों की संख्या जयपुर वह राजस्थान में निश्चित रूप से बढ़ेगीइसके साथ-साथ उदयपुर, झालावाड़, गंगानगर, भीलवाड़ा कोटा एयरपोर्ट एवं एयर स्ट्रिप को डेवलप करने का काम किया जाएगा. निश्चित रूप से इन सभी सेक्टर में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी !दिल्ली के बाद भारत में दूसरा मंडपम राजस्थान में बनेगा. जिससे यहां पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम एवं कॉन्फ्रेंस होंगे जिससे पर्यटक सेक्टर के लिए नए आयाम पैदा होंगे. सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन नीति 2024 की घोषणा होगी जिसमें अनेक ऐसी मांग जो पर्यटन सेक्टर द्वारा लगातार की जा रही थी उनका समावेश किया जाएगा. फायर एनओसी के लिए 15 मीटर तक के भावनो की फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए वर्तमान में निर्धारित 50 प्रति वर्ग मीटर को घटकर 15 प्रति वर्ग मीटर 5 वर्ष के लिए करना होटल व्यवसाईयों को फायर एनओसी प्राप्त करने में निश्चित रूप से फायदा होगा ! होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान भजन लाल एवं वित्त मंत्री दियाकुमारी का आभार एवं शुभकामनाएं अर्पित करता इस मौके पर.हुसैन खान -अध्यक्ष होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान सुरेंद्र सिंह शाहपुरा- संरक्षक होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान शैलेश प्रधान- महासचिव रणविजय सिंह- वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के सभी सम्मानित सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ऑपरेशन एंटीवायरस में अलवर पुलिस ने साइबर फ्रॉड प्रभावित दो गांवों में दी दबिश

तीन साइबर ठग गिरफ्तार, ठगी में प्रयुक्त पांच एंड्राइड मोबाइल जब्त

चमकता राजस्थान






जयपुर/अलवर! (खलील कुरैशी) 10 जुलाई। अलवर जिले में साइबर ठगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना नौगांवा व अकबरपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड प्रभावित दो गांवों में दबिश देकर तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे ठगी में प्रयुक्त पांच एंड्राइड मोबाइल जब्त किए गए। मामले में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय व आईजी रेंज के निर्देश पर ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध जिले में ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ नौगांवा भूपेंद्र सिंह मय टीम द्वारा साइबर फ्रॉड प्रभावित गांव रूपवास में दबिश दी गईपुलिस ने यहां से एक साइबर ठग अंसार मेव पुत्र शौकत (19) निवासी गांव खोयडा करमाली थाना नौगांवा को गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त दो एंड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं इसी प्रकार एसएचओ अकबरपुर ओमप्रकाश मय टीम द्वारा आसूचना तंत्र व तकनीकी साधनों की सहायता से माचडी गांव में दबिश देकर साइबर ठग मौसम खान पुत्र इस्लाम खान मेव (31) निवासी डबावली थाना सीकरी जिला डीग एवं साजिद मेव पुत्र साहबुद्दीन (23) निवासी माचडी थाना अकबरपुर को गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त तीन एंड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं।एसपी शर्मा ने बताया कि पकड़े गए तीनों साइबर ठग सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अनजान नंबरों पर बाइक, आर्मी के फोटो व पेन पेंसिल के ऐड डालकर लोगों को नौकरी का झांसा देकर ठगी किया करते थे।

## विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

चमकता राजस्थान

- **- राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 14 जुलाई, 2024 को होगा परीक्षा का आयोजन**

जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 जुलाई। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार, 14 जुलाई 2024 को विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा-2024 (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) का आयोजन होगा। भर्ती परीक्षा का आयोजन दो पारियों में (प्रथम पारी- प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे, द्वितीय पारी- दोपहर 02:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक) जयपुर शहर के 31 केन्द्रों पर होगा जिसमें कुल 7 हजार 845 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 12 जुलाई से 14 जुलाई, 2024 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 12 जुलाई एवं 13 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 14 जुलाई को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 11 उपसमन्वकों एवं 7 उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है।उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के संबंध में ही शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## सदर थाना चित्तौडगढ एवं जिला साइबर सैल की संयुक्त कार्रवाई

**महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी करने वाली अन्तर्राजीय गैंग का पर्दाफाश, दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार**

### ठगी की सात वारदातें कबूली, सावलिया हॉस्पिटल के बाहर महिला से ठगे गये सोने के जेवरात बरामद

चमकता राजस्थान



जयपुर/चित्तौड़गढ़,!(खलील कुरैशी) 10 जुलाई। चित्तौड़गढ़ में महिलाओं के साथ ठगी व चोरी की वारदात करने वाली अन्तर्राजीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए सदर थाना चित्तौडगढ एवं जिला साइबर सैल ने दिल्ली निवासी दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सावलिया हॉस्पिटल के बाहर एक महिला से ठगे गये सोने के जेवरात बरामद किये हैं। आरोपियों ने राजस्थान के जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ व उत्तराखंड में सात वारदातें करना कबूली हैं। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि अस्पताल में मां-बाप को दिखाने गई डेकडीखेडा थाना पारसोली निवासी महिला ललिता मीणा को अस्पताल के बाहर तीन महिलाएं मिली। जिन्होंने उसे बताया कि उनके साथ जो लड़की है यह घर से भाग कर आई है और उसके पास काफी पैसे हैं। लड़की को बस में बैठाने की कहकर वो उसे एक लड़के के पास ले गई। जिसने लड़की के पास रखे पैसे चोरी होने की बता ललिता के पहने जेवर के बदले लड़की के पास रखे लाखों रुपए देने का ऑफर दिया।ललिता ने उसके पहने हुए गहने रामनामी, मादलिया, मगलसुत्र, कान के टोप्स व 4 मोती सोने के खोल कर रुमाल में रख लडकी को दिये, जिसने बदले में उसे एक रुमाल दिया व कहा कि इसमें पैसे है। फिर लडकी को बस में बैठा कर आने की कह सब चले गये। काफी देर तक इन्तजार के बाद कोई नही आया तो ललिता ने रुमाल खोलकर देखा तो उसमें खाली कागज भरे हुए थे। वारदात की गम्भीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये एएसपी परबत सिंह एवं सीओ तेज कुमार पाठक के सुपरविजन व एसएचओ सदर गजेन्द्र सिह के साथ साईबर सैल एवं सदर थाने की एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अनुसंन्धान करते हुए तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज देख कर आरोपियों को नामजद कर लगातार पीछा कर दिल्ली गुडगाँव नसीराबाद अजमेर में उनके ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने अलग अलग हुलिया बदल कर उनके संदिग्ध ठिकानों का पता कर रैकी की, लेकिन आरोपियों को पुलिस आने का पता चल जाने से लगातार अपनी जगह बदलते रहे थे। पंजाब की तरफ फरार होने की फिराक में रेल्वे स्टेशन गुडगाँव पहुंचे। जहां पर टीम ने आरोपियों को डिटेन कर लिया। जिनके पास से रामनामी, मादलिया, मगलसुत्र, कान के टोप्स व 4 मोती सोने के बरामद किये।

#### तरीका वारदात-

पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि जहा वारदात करते है उस शहर में एक दिन पहले आ जाते है और किसी गेस्ट हाउस में रुम किराये पर ले लेते है। फिर महिलाएं हॉस्पिटल वाली जगह की रैकी करती थी, ताकि बुजुर्ग महिला आसानी से टारगेट बन जाए। उस जगह पर जाकर पहले से अपने पास कागज के टुकडों की गड्डी बनाये रखती थी, जिसमें उपर व नीचे असली 500 रुपये लगाते थे। बुजुर्ग महिला को पैसों का लालच देकर उसके जेवर दूसरी थैली में रखने और उक्त पैसों की गड्डी महिला के पास रख कर उसका विश्वास जीत कर पहले से जेवर रखे जैसी दूसरी थैली उसके हाथ में थमा देकर बोलते थे, कि पैसे और तुम्हारे जेवर इस थैली में है। इसी बीच दूसरी थैली थमा कर व महिला के जेवर की थैली चेन्ज कर देती थी और फरार हो जाती थी।

#### गिरफ्तार आरोपी-

अजमेर जिले के लौहार मोहल्ला नसीराबाद निवासी 20 वर्षीय विनोद पुत्र प्रेमचन्द बावरी, वेस्ट दिल्ली रघुवीर नगर टैगौर गार्डन निवासी दिपाली उर्फ दीपा पुत्री किशन लाल गुजराती बावरी पति विनोद बावरी व राधा उर्फ राधी पुत्री किशन लाल गुजराती बावरी पति मोती लाल बावरी।

## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में डूबने से युवक की मौत



**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)** गॉव खदराया में एक खेत पर बने तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि जरिये टेलीफोन सूचना मिली कि ग्राम खदराया में नन्दराम पुत्र अजयसिंह गुर्जर के खेत में बने फार्म पोण्ड में ग्राम खदराया के पुष्पेन्द्रसिंह पुत्र पप्पूसिंह जाति गुर्जर की लाश मिली है। सूचना मिलते ही मय जाप्ता मौके पर पहुॅचे और फार्म पोण्ड की गहराई 10 फीट से अधिक होने के कारण एसडीआरएफ की टीम बुलवाई गयी। जहां एसडीआरएफ टीम ने आकर शव को बाहर निकाला तो उच्च अधिकारियों द्वारा भेजी गई विभिन्न टीमों ने साक्ष्य जुटाये। थानाधिकारी गुप्ता ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि मृतक दिनांक 08.07.2024 को दोपहर करीब 12 बजे अपने घर से अपने खेत व टयूबबैल पर नहाने की कहकर निकला था जो दोपहर करीब 3 बजे अपने खेत व टयूबबैल के समीप स्थित नन्दराम पुत्र अजयसिंह गुर्जर के खेत में बने फार्म पोण्ड में नहाने गया था जिसकी डूबने से मृत्यू हो गयी तथा आज ग्रामीणों ने उसकी लाश देख कर पुलिस को फोन किया। मृतक का सीएचसी भुसावर में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव अन्तिम संस्कार हेतु परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### राज्य सरकार द्वारा पेश किया गया पहला ही पूर्ण बजट गरीबो की नींद उड़ाने वाला बजट : एडवोकेट प्रमोद पौंख

**चमकता राजस्थान /उदयपुरवाटी ( सुमेर सिंह राव )**। कृषि व कृषकों को इस बजट में कोई राहत नहीं दी गई है। सदन में एम. एस. स्वामीनाथन जी के कथन को पढ़ा परंतु टरढ को कानूनी दर्जा देने एवं उन्हें लागू करने को लेकर कुछ बोला होता तो बेहतर रहता। डबल इंजन की सरकार टरढ के कानूनी प्रावधान पर चुप है।



एफळढ को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने को लेकर भी बजट में कोई ज़क्रि नहीं किया गया।
युवाओं के रोजगार, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर इस बजट में न तो कोई नीति दिखाई देती है और न ही कोई योजना।
जमीनी वास्तविकता एवं समस्याओं से दूर यह बजट पूर्ण रूप से दिशाहीन एवं लोगों की अपेक्षाओं के विपरीत है।

### सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आम्रपाली म्यूजियम को सराहा

**चमकता राजस्थान/जयपुर**। राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने आज जयपुर स्थित आम्रपाली म्यूजियम का अवलोकन किया। उन्हें गुरदासपुर लोकसभा (पंजाब) से निर्वाचित होने पर पूर्व राज्य मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा ने बधाई दी, तथा आम्रपाली म्यूज़यिम से परिचय करवाया। रंधावा ने आम्रपाली के कला संग्रह और देश के कोने कोने से इकट्ठा करे गये आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों के आभूषणों की कारीगरी की प्रशंसा की।रंधावा ने पंजाब प्रांत के गहनों व कलाकृतियों के संग्रह में विशेष रुचि दिखाई और धरोहर को संरक्षित करने की सराहना की।




आम्रपाली के क्रिएटिव डायरेक्टर तरंग अरोड़ा ने जवाहरात उद्योग में जुड़े लाखों कारीगरों और राजस्थान की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताया।

### जिला न्यायाधीश सतीश चंद की अध्यक्षता में हुआ पीडित प्रतिकर स्कीम, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, लीगल ऐड डिफेंस काउन्सिल एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन

**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण**। आज दिनांकः- 10जुलाई 24 को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद की अध्यक्षता में उनके अवकाशागार में पीडित प्रतिकर स्कीम, 2011, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, लीगल ऐड डिफेंस काउन्सिल एवं मॉनिटरिंग कमेटी के



सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से पीड़ित प्रतिकर स्कीम के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत रखे गये प्रकरणो पर विचार कर कुल 11,30000/- रूपये की अनुशंषा की गई।बैठक में सदस्यगण प्रीति नायक न्यायधीश, एमएसीटी, रेखा यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), नम्रता पारीक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, निधि बीटी जिला कलेक्टर, सुमित मेहरडा जिला पुलिस अधीक्षक, शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षक, जिला कारागृह, नीरज शर्मा अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ, सुजीत लहचौरिया राजकीय अधिवक्ता धौलपुर उपस्थित रहे। बैठक का समापन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव के धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ किया गया।

# आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में भारत की विजयी शुरुआत

## भारतीय यूथ टीम की जीत में रवि के डेढ दर्जन गोल

चमकता राजस्थान








**जयपुर, 10 जुलाई।** आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप में बुधवार को यूथ (अंडर-18) वर्ग में मेजबान भारत ने अपना विजयी अभियान शुरू करते हुए कप्तान रवि के शानदार 15 गोलो की बदौलत बाग्लादेश को 45-35 गोलो से पराजित किया। माध्यतर तक भारत ने 27-16 गोलो की बढत बनाये हुए थी।
मैच के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर चुने गये रवि पूरे मैच में छाये रहे। उसने 15 गोलो के अलावा साथी खिलाड़ियों के साथ शानदार तालमेल भी बनाया। उसके अलावा प्रवीण गिल ने 9, रोहित-रोहित ने 8-8, मनिष यादव व नवदीप ने 2-2 और प्रवेश ने 1 गोल किया।
बाग्लादेश के लिए मोहम्मद अतीक हुसैन आकाश ने सर्वाधिक 7 गोल किये। तोफिक कूर रहमान, मोहम्मद इबादत हुसैन रासेल ने 6-6, मोहम्मद सोहाग अली ने 5, मोहम्मद फहीम फेजल माहिर ने 4, मोहम्मद रातुलिदीन, मोहम्मद अनिक इस्लाम ने 3-3 और रिजवान बिन फारूक अन्नान ने 1 गोल का योगदान दिया।
दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे ने मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के रवि को पुरस्कार दिया।
इससे पहले जूनियर (अंडर-20) के रोमांचक मैच में मालदीव ने नेपाल को हराया। पहले हॉफ (13-14) में एक गोल से पिछड़ने के बाद दूसरे हॉफ में शानदार वापसी करते हुए मालदीव ने पुरूषों की आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप के अंडर-20 आयु वर्ग के रोमांचक मैच में बाग्लादेश को 28 से मुकाबले 30 गोलो से हराया। मालदीव के लिए मोहम्मद यशमू अहमद ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 10 गोल किये। इसके अलावा मोहम्मद अफानाथी ने 7, अहमद राउल असद ने 6, मोहम्मद अमसाल ने 2, मुसा हिबाह इस्माईल रिजा और अहमद उमेस ने 1-1 गोल का योगदान दिया।
नेपाल के लिए प्रलेश गौरांग ने 9, सुदीप घाले ने 8, दाबीन जुगलीपुन ने 5, जीवनपुन ने 3 और निशान परीयार ने 1 गोल का योगदान दिया। इस मैच के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर मालदीव के हुसैन यानल अकरम रहे, जिन्हे साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के उपाध्यक्ष तेज गुरंग ने पुरस्कार दिया। बुधवार के सत्र के उदघाटन मैच में मालदीव ने यूथ वर्ग में नेपाल को कडे मुकाबले में 36-31 गोलो से हराया। मध्यातंर तक विजेता टीम 17-15 गोलो से बढत ली हुई थी। मालदीव के लिए शाहिन लहूफान अहमद ने 12, मोहम्मद हुसैन अफजल ने 6, हमजा ईस्माइल इनान व शफीग अबदूला अज्जाम ने 4-4, जलील अब्दुला नेसाम ने 3, अल मजीद, फय्याज मोहम्मद दिनान, हासिम मुसा मिनहाल ने 2-2 और अहमद युसूफ आकिफ ने 1 गोल का योगदान दिया। नेपाल के लिए रितिक परिहार ने 9, सौनिस्ट तमांग ने 7, प्रसोन कुमार विशोकर्मा ने 5, नीरज गुरंग ने 3, हाबिम चन्टयाल, निशान पुन ने 2-2, रोशन बिशोकर्मा और चन्द्र बहादूर बुधा ने 1-1 गोल किया। इस मैच में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर मालदीव के शाहिन लहूफान अहमद को चुना गया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के एसोसिएट उपाध्यक्ष ललित कुमार कलाल ने शाहिन को पुरस्कृत किया।
समाचार लिखे जाने तक जूनियर वर्ग में भारत बनाम बांग्लादेश के बीच मैच चल रहा था। भारत ने 33-16 से बढ़त बना रखी थी।

**गुरुवार को खेले जाने वाले मैच:-**

- **दोपहर 2 बजे**
  नेपाल बनाम बांग्लादेश (यूथ)
- **शाम 4 बजे**
  नेपाल बनाम बांग्लादेश (जूनियर)
- **शाम 6 बजे**
  भारत बनाम मालदीव (यूथ)
- **शाम 8 बजे**
  भारत बनाम मालदीव (जूनियर)

## बजट में भरतपुर को कई मिली सौगातें




चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)** भजनलाल सरकार के पहले पूर्ण बजट में भरतपुर को कई सौगातें मिली है। इसके तहत भरतपुर में आमजन की सुविधा और समस्याओं के समाधान के लिए इंटीग्रेटेड ऑफिस कॉम्प्लेक्स व सर्विस सेंटर यानी कर्मशिला भवन निर्माण की घोषणा की गई है। साथ ही भरतपुर समेत अजमेर व बीकानेर के इंजीनियरिंग कॉलेजों का उन्नयन कर इन्हें राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित करने का ऐलान किया गया। इसके साथ ही भरतपुर के प्रसिद्ध लोहागढ़ किले व वैर के सफेद महल और फुलवारी के सौंदर्यीकरण को लेकर भी अहम घोषणा की गई। हालांकि, जिलेवासियों की घना को पांचना बांध के पानी समेत कई महत्वपूर्ण मांगों को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई। भरतपुर और बारां जिले में पंप स्टोरेज से ऊर्जा उत्पादन का कार्य किया जाएगा। भरतपुर में आधुनिकतम बस स्टॉप व स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा, जिससे यात्रियों को सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। यहां रोडवेज बस डिपो और वर्कशॉप का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जो कि लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। कामां, डीग में बस स्टैंड विकास कार्य कराए जाएंगे। भरतपुर में जीसीसी आधारित इलेक्ट्रिक बस खरीदी जाएंगी। साथ ही चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। भरतपुर और डीग जिले के डांग, मेवात व बृज क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे। इस पर 50-50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं, भरतपुर जिले के वैर के सफेद महल, फुलवारी और प्रसिद्ध लोहागढ़ किले का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, ताकि पर्यटक यहां की गौरवशाली विरासत से रूबरू हो सकें। वहीं विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भी कई विकास कार्य कराए जाएंगे। युवाओं को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए भरतपुर, अजमेर, बीकानेर के इंजीनियरिंग कॉलेजों को राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में उन्नत किया जाएगा। इस पर कुल 300 करोड़ रुपए की लागत आएगी। प्रदेशभर में संभाग स्तर पर आदर्श आवासीय विद्यालय की तर्ज पर आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाएंगे जिसके तहत भरतपुर में भी एक विद्यालय स्थापित किया जाएगा। भरतपुर समेत प्रदेश के प्रत्येक संभाग पर 50-50 करोड़ की लागत से स्पोर्ट कॉलेज स्थापित किए जाएंगे ताकि खेल प्रतिभाओं को निखारा जा सके। साथ ही प्रत्येक जिले में खेल अकादमी भी स्थापित की जाएगी। भरतपुर संभाग मुख्यालय पर रोड सेफ्टी टास्क फोर्स गठित की जाएगी। जयपुर-भरतपुर राजमार्ग पर बेहतर यातायात सुविधाओं और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया जाएगा। भरतपुर संभाग मुख्यालय पर बालिका सैनिक स्कूल खोला जाएगा ताकि संभाग की बालिकाएं यहां शिक्षा ग्रहण कर रक्षा क्षेत्र में करियर बना सकें। आमजन को सभी विभागों की सेवा व समस्या के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सभी विभागों के अधिकारियों संपर्क करने के लिए भरतपुर में एक ही स्थान पर इंटीग्रेटेड ऑफिस कॉम्प्लेक्स व सर्विस सेंटर यानी कर्मशिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। इससे आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग अलग कार्यालयों में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके तहत सबसे पहले कर्मशिला का निर्माण भरतपुर में और उसके बाद चरणबद्ध तरीके से अलग अलग जिलों में किया जाएगा।

## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने छात्राओं से किया संवाद



चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी आज दिनांक :-10 जुलाई 24 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने छात्राओं से किया संवाद साथ ही छात्राओं से कहा कि वे अपने मन से भय निकाल कर निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त करें। साथ ही अपने संवाद के दौरान सभी कक्षाओं में जाकर गणित, विज्ञान विषयों से संबंधित प्रश्नों को किया हल तथा पुस्तकालय आईसीटी लैब का किया अवलोकन एवं राष्ट्रहित और मानवता के बारे में छात्राओं को किया सचेत और भय मुक्त होकर आगे बढ़ने का किया आव्हान इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय में किया वृक्षारोपण साथ ही सभी छात्राओं से कहा कि जो वृक्षारोपण किया जा रहा है, सिर्फ खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। पौधों की देखरेख भी होनी चाहिए। इस पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने एसपी साहब को बताया कि हमने एक कार्य योजना बनाकर छात्राओं के दल बनाकर वृक्षों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगाने की योजना बनाई है। और वृक्षों की देखरेख हेतु प्रभारी नियुक्त किए हैं। इस वृक्षारोपण और संवाद कार्यक्रम में डॉ. परमेश पाठक और उनकी टीम की विशेष सराहनीय भूमिका रही जिनके सहयोग से विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। एसपी साहब की सादगी और क्रियाशीलता से सभी बच्चियां प्रभावित हुई इस कार्यक्रम के मौके पर नरेंद्र कुमार एडिशनल एसपी, शिवलहरी मीणा थानाधिकारी बाड़ी, मौके पर विद्यालय के उप-प्राचार्य साहब सिंह मीणा, नरेंद्र सिंह मीणा, विजेंद्र धाकड़, बशारत अली खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक मुन्नालाल शर्मा, मनीष यादव, हनुमान शर्मा, योगेश कुमार, संजय मीणा, ममता शर्मा, राखी मीणा, सहित अन्य समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### ओम शिव गोशाला के मेन गेट पर श्रीकृष्ण व गोमाता की प्रतिमा स्थापना कल

# सरक्षक मदनलाल भावरिया बोले प्रतिमा पूजन व एवं हवन व आहुतियां के साथ शुरू होगा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

### 13 जुलाई को सैकड़ो महिलाओं द्वारा निकल जाएगी विशाल कलश यात्रा: मदनलाल भावरिया

चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी



( सुमेर सिंह राव ) उपखंड क्षेत्र के पचलंगी कस्बे मे स्थित ओम शिव गौशाला के मेन गेट पर श्रीकृष्ण व गोमाता की प्रतिमा स्थापना 13 जूलाई शनिवार को होगी।गौशाला संरक्षक मदन लाल भावरीया व गौशाला अध्यक्ष रामलाल बड़सरा ने जानकारी देते हुए बताया की रविवार को गोशाला परिसर मे झड़ाया बालाजी धाम के संत सीताराम दास महाराज की अध्यक्षता मे ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमे गौशाला के मेन गेट पर श्रीकृष्ण व गोमाता की प्रतिमा स्थापना को लेकर सीताराम दास महाराज के सानिध्य मे दो दिवसीय धार्मिक आयोजन पर चर्चा की गई। गोशाला कोषाध्यक्ष रामनाथ सिंह कुड़ी ने जानकारी देते हुये बताया की कस्बे की कुड़ियों की ढ़ाणी निवासी भामाशाह नेतराम कुड़ी के द्वारा गौशाला के मेन गेट का निर्माण करवाया गया था।जिस पर श्रीकृष्ण व गोमाता की प्रतिमा भी भामाशाह नेतराम कुड़ी के द्वारा स्थापित करवाई जायेगी।जिसमे प्रतिमा स्थापना को लेकर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।धार्मिक आयोजन मे नेतराम कुड़ी का विशेष सहयोग रहेगा।वही भण्डारे आदि की व्यवस्था जन-सहयोग से की जायेगी।संरक्षक मदनलाल भावरीया ने बताया की दो दिवसीय धार्मिक आयोजन 12 जूलाई शुक्रवार को प्रतिमा पूजन व हवन की आहुतियों के साथ शुरू होगा जिसमे विद्वान पंडितों के द्वारा प्रतिमाओं का अन्नादिवास,फलाधिवास व जलाधिवास सहित अन्य पूजन करवाया जायेगा।वही शुक्रवार को रात्री मे गोभक्तों द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन किया जायेगा।वही 13 जूलाई शनिवार को कुड़ियों की ढ़ाणी से बुरकड़ा स्थित बालाजी धाम से लेकर गांव के मुख्य -मुख्य मार्गो से विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी व श्रीकृष्ण, गोमाता की प्रतिमा को भ्रमण करवाया जायेगा।कलश यात्रा के गौशाला मे पहुंचने पर हवन की पूर्णाहुति होगी।वहीं गोमाता की पूजन कर विशाल भण्डारे मे पंगत प्रसादी का वितरण होगा।13 जूलाई शनिवार को दिन मे झाबर छैला के द्वारा भजन कार्यक्रम होगा।इस दौरान कोषाध्यक्ष रामनाथ सिंह कुड़ी,व्यवस्थापक राकेश माटोलिया,सेवानिवृत्त अध्यापक कुड़ी ,पूर्व सरपंच श्रीलाल यादव, शक्तिसिंह कुड़ी,भगवान सहाय गोविन्दपुरा,गीरधारीलाल सैनी,मूलचंद, विनोद जांगीङ, सीताराम दर्जी,लेखराज देवासी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

चित्तौड़गढ़ जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# वाहन चोरी की घटना का पर्दाफाश : चोरी की चार मोटर साइकिल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/चित्तौड़गढ़,! (खलील कुरैशी) 10 जुलाई।** चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्री परिसर की पार्किंग में खड़ी मोटर साईकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने साइबर सैल की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की चार मोटर साइकिल बरामद की है। आरोपियों ने शहर सहित कपासन व उदयपुर से भी बाईक चोरी की वारदात कबूली हैं।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि 02 जुलाई को कलेक्ट्री परिसर में स्थित पार्किंग में खड़ी पुलिस कर्मी की मोटर साईकिल अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ले जाने पर कोतवाली चित्तौड़गढ़ में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। शहर में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे के लिये एएसपी परबत सिंह एवं सीओ तेज कुमार पाठक के निर्देशानुसार थानाधिकारी कोतवाली संजीव स्वामी के नेतृत्व में कोतवाली थाना व साईबर सैल की एक विशेष टीम का गठन किया गया। मामले में चोरी की वारदात के खुलासे के लिये गठित टीम द्वारा शहर चितौड़गढ़ में लगे हुऐ सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य एवं ‘मन इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुऐ घटना करने वाले आरोपी राजसमंद जिले के गिलुण्ड थाना रेलमगरा निवासी 19 वर्षीय भावेश पुत्र गोपीलाल जटिया व चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी निवासी 22 वर्षीय मनीष पुत्र शांतीलाल सालवी को गिरफ्तार कर चोरी की चार मोटर साईकिले बरामद की है।उक्त चारों मोटर साईकिल आरोपियों द्वारा चित्तौड़गढ़ शहर, नरपत की खेडी, जाश्मा कपासन व सेवा आश्रम उदयपुर से चोरी की हुई बरामद की गई है। मामले में गिरफ्तार शुदा आरोपियों भावेश जटिया व मनीष सालवी को बुधवार को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया, जिनसे पूछताछ जारी है। आरोपियों से चोरी की ओर भी मोटरसाइकिलें बरामद होने की पूर्ण संभावना है, प्रकरण का अनुसंधान जारी है।




- **कार्यवाही करने वाली टीमः-**
  » थानाधिकारी कोतवाली संजीव स्वामी, एएसआई नवरगं, हैड कांस्टेबल कमलेश कांस्टेबल सुनिल कुमार, साईबर सैल के हैड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल रामावतार, कमलेश, गणपत व रामनरेश।

## एक नजर

### छात्रों की मौत को लेकर परिजन स्कूल प्रशासन के खिलाफ भड़क उठे



**कोलकाता।** कचरा हाई स्कूल में चलाकालीन समय में छात्रों की मौत को लेकर दक्षिण दिनाजपुर की कुशमंडी उत्तप्त। मृतक छात्रों उसी स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा है। बीमार पड़ने के बाद छात्र को अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया, इस बात को लेकर मृतक के परिजन ने ग्रामीण स्कूल प्रशासन के खिलाफ भड़क उठे। कथित तौर पर, शिक्षकों को स्कूल में हिरासत में लिया गया और विरोध जारी रहा। ग्रामीणों ने स्कूल में घुसकर उत्पात मचाया। अन्य शिक्षकों के साथ-साथ प्रधाना शिक्ष्यक की भी पिटाई की गयी। स्कूल में आग लगा दी गयी। कई स्कूल-शिक्षकों की मोटरसाइकिलों में आग लगा दी गई। ग्रामीणों के विरोध के आगे पुलिस बल लगभग असहाय हो गए।

### जोगबनी से श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग

**अररिया ।** सावन और भादो माह में सीमावर्ती इलाके के साथ बड़ी संख्या में नेपाल से शिव भक्त द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक रावणेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए लाखों की संख्या में देवघर जाते हैं लेकिन देवघर जाने के लिए कोई भी सीधी ट्रेन सीमावर्ती क्षेत्र से नहीं है,जिसको लेकर जोगबनी से लगातार देवघर के लिए सावन भादो मास में श्रावणी स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। बिहार डेली पैसेंजर्स एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के सदस्य बछराज राखेचा ने एनएफ रेलवे तथा ईस्ट सेंट्रल रेलवे के महाप्रबंधक एवं मुख्य परिचालन प्रबंधक को मेल भेज जोगबनी से सावन और भादो माह में देवघर के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की है। अपने मेल में उन्होंने लिखा है पड़ोसी देश नेपाल के सहित इस सीमावर्ती क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त प्रतिदिन सावन भादो मास में बाबा की नगरी देवघर में शिवलिंग पर जल अर्पण करने जाते हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अररिया।** जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में विस्टोरिया वार्ड संख्या 15 में शौच करने जा रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने रानीगंज थाना पुलिस को घटना की सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची रानीगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान विस्टोरिया निवासी स्वर्गीय सदानंद ऋषिदेव के 34 वर्षीय बेटे शंभू ऋषिदेव के रूप में की गई है। मामले पर जानकारी देते हुए मृतक के परिजन मंगल यादव ने बताया कि बीती रात शंभू घर से शौच के लिए निकला था।जब काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचें तो परिजनों ने खोज शुरू किया। शंभू को वार्ड संख्या 15 में ग्रामीण सड़क पर मृत देखा।मामले को लेकर रानीगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एएनएम ने किया सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव

**नवादा।** नवादा जिले में संविदा पर बहाल अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गई दर्जनों एएनएम ने बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। एएनएम को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने कारण बच्चों को दिए जाने वाले टीकाकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रही है। क्योंकि, इन्हीं एएनएम के भरोसे पूरे बिहार में टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलता है। बता दे कि एएनएम का गुस्सा उस वक्त सातवें आसमान पर चला गया। जब बिहार सरकार के द्वारा तुगलकी फरमान जारी करते हुए एफआरएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने का आदेश जारी किया गया, जिसका एएनएम खुलकर विरोध कर रही है। इसके साथ ही समान काम के लिए समान वेतन की मांग भी एएनएम के द्वारा की जा रही है।अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर एएनएम के द्वारा सिविल सर्जन को लिखित आवेदन देकर सूचित किया गया है। एएनएम द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपे गए आवेदन में कई आश्यक मुद्दे उठाए गए हैं।

### बोलेरो एवं बाइक की सीधी टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**नवादा ।** नवादा के पकरीबरावां- वारिसलीगंज पथ पर पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत धेवधा गांव के समीप बुधवार को बोलेरो एवं बाइक की सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान डोला गांव के टोला लखनपुरा निवासी राजन मांझी के पुत्र नीरज कुमार के रूप में की गई। दो घायलों में इसी गांव के बुधन मांझी के पुत्र राकेश कुमार एवं बुंदेल मांझी के पुत्र पंकज मांझी के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में नवादा रेफर कर दिया गया।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में फिर भरा बारिश का पानी, ज़िम्मेदार कौन ?

चमकता राजस्थान

जयपुर। दिया तले अंधेरा कहावत को सार्वजनिक निर्माण विभाग चरितार्थ कर रहा है,महज थोड़ी देर की बरसात में सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्यालय में पानी भर जाता है इसकी निकास की व्यवस्था तथा वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम न होने के कारण बारिश का हज़ारों लीटर पानी व्यर्थ जा रहा है। स्थिति ऐसी कि कार्यालय में आने वाले लोग तथा कार्यालय कर्मी भी पानी से बच नहीं सकते,चमकता राजस्थान समाचार पत्र में भी इसके बारे में कई बार लिखा जा चुका है लेकिन अधीक्षण अभियन्ता वृत्त शहर जयपुर के कानों में जूं नहीं रेंग रही है उनके पास बेबुनियादी कार्य करवाने के लिए लाखो रुपये का बजट है लेकिन बारिश के पानी को बचाने और ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के लिए कोई बजट नहीं है। कार्यालय में आए एक व्यक्ति ने कहा कि यहाँ थोड़ी देर की बरसात में इस तरह की समस्या खड़ी हो जाती है। मात्र एक घंटे की बरसात का आलम यह है, तो दो दिनों तक होने वाली बारिश का मंजर क्या होता होगा यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है ।





### अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर,खुद के कार्यालय को सँवारने में लगा रहे बजट।

अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर द्वारा थोड़े दिनों पूर्व हुई बारिश में गिरी कैंपस की कैंटीन की फ़ाल्स सीलिंग अब तक सही नहीं करवाई गई है वहाँ बिजली के तार लटके हुए हैं जो कभी भी किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं लेकिन अपने स्वयं के कार्यालय की शोभा बढ़ाने के लिए पैसा ख़र्च कर रहे हैं,जबकि इनका कार्यालय पुराने सार्वजनिक निर्माण विभाग कैंपस में है और अब करोड़ों की लागत से नया आधुनिक भवन तैयार किया जा रहा है यह ऑफ़सि वहाँ स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है ऐसे में बजट बेबुनियादी कार्यों में ख़र्च किया जाना भी सवाल उठाता है ।

यह राजस्थान ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्यूरमेंट रूल्स (आरटीपीपी) एक्ट का खुलेआम उल्लंघन है। सूत्रों से पता चला है कि अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर ने पिछले तीन वर्षों में बेबुनियादी कार्यों के लिए अपने चहेते ठेकेदारों को करोड़ों रुपये के जॉब नंबर अलॉट किए हैं।

## मुनाफा लूटने का आरोप, ममता ने 10 दिन में कीमतें कम करने का दिया आदेश

संवाददाता

**कोलकाता।** आलू-प्याज समेत लगभग सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। जिस पैसे से थैला भरकर खरीदा जाता था, अब उससे आधा थैला भी नहीं भरता। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों के हित में सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने मूल्य नियंत्रण के लिए गठित टास्क फोर्स के सदस्यों को 10 दिनों के भीतर कीमतें कम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुनाफे के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों का स्टॉक किया जा रहा है। ऐसे में राज्य सरकार सब्जियों समेत रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी बर्दाश्त नहीं करेगी। मंगलवार को नबान्न में आयोजित एक विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने कारोबारियों को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर मैंने भीड़ खींचने की कोशिश की तो नतीजा अच्छा होगा या बुरा, यह समझ लीजिए। मुनाफे की एक सीमा होगी!' बैठक की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, टास्क फोर्स के



सदस्यों और बाजार समिति के नेताओं से कहा, "सब्जियों की कीमत इतनी क्यों बढ़ गयी?" लोगों की हंसी छूट गई है। ऐसी स्थिति हो गई है कि लोग बाजार जाने से डरने लगे हैं।" उन्होंने कहा, 'यह नहीं हो सकता। जैसे-जैसे गर्मी कम हो रही है, वैसे-वैसे बारिश भी हो रही है। 'बारिश शुरू होने के बाद भी दाम कम क्यों नहीं हो रहे?' मुनाफाखोरी और कृत्रिम मांग पैदा करने के अलावा, ममता ने बढ़ती कीमतों के लिए भी केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार मूल्य वृद्धि को लेकर कुछ नहीं कर रही है। केंद्र में नई सरकार के शपथ लेने के बाद कीमतें और बढ़ गई हैं। उन्होंने संदेह जताया कि क्या इस स्थिति का पार्टी फंड में योगदान और शेयर ट्रेडिंग से कोई संबंध है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया में लंबे समय से सरकारी निगरानी की कमी रही है। उन्होंने इस संदर्भ में चुनाव आयोग की आलोचना की। वह जानना चाहते थे कि चुनाव के दौरान टास्क फोर्स की बैठक क्यों नहीं हुई। राज्य के कोल्ड स्टोरेज में 45 लाख टन आलू का स्टॉक, लेकिन दाम इतने ऊंचे क्यों? यह सवाल उठाते हुए ममता ने कहा, 'किसानों को 15 रूपए प्रति किलो का भाव मिलता है, लेकिन बाजार में आलू 45 रूपए बिक रहा है। इसके पीछे बड़े चक्कर हैं कि कीमत कम करने के लिए 6 लाख टन आलू को कोल्ड स्टोरेज से निकालने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने नासिक के प्याज पर निर्भरता कम करने और राज्य में उत्पादित प्याज को बाजार में पहुंचाने की पहल करने का निर्देश दिया है। वह यह बताना नहीं भूले कि कीमत पर निगरानी के दौरान अगर पैसे निकालने की कोशिश की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा जीवन का हिस्सा नहीं है, यह स्वयं जीवन है : प्रो. डॉ. अनिल सिंह

### दीक्षारंभ समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता

**सीवान।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय के आरबीजीआर महाविद्यालय महाराजगंज में नए सत्र स्नातक प्रथम सेमेस्टर 24-28 के प्रथम मेघा सूची के लिए एडमिशन लगभग पूरे हो गए हैं। यूजी कोर्स करने के लिए आए छात्रों के लिए आर बी जी आर परिसर में जयप्रकाश विश्वविद्यालय की ओर से इंडक्शन प्रोग्राम यानी दीक्षारंभ का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम के जरिए यहां फ्रेश एडमिशन लेने वाले छात्र छात्राओं को कॉलेज, यहां की पढ़ाई और एग्जाम पैटर्न समेत अन्य विषयों से अवगत कराया जा रहा है।स्कूल में 12 वीं क्लास तक छात्रों को बेसिक पढ़ाई की जानकारी दी जाती है। हालांकि कॉलेज में दाखिला लेते हीं वह अपने करियर की पहली सीढ़ी चढ़ना शुरू करते हैं। ऐसे में



सही मार्गदर्शन और प्रेरणा इन छात्रों के इस शुरूआती कदम में काफी महत्वपूर्ण योगदान रखते हैं। इसी को देखते हुए जे पी विश्वविद्यालय के आर बी जी आर कैंपस के वर्ग हॉल में यूजीसी मेंडेट क्वालिटी सेल के तहत स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अथिति सोशल साइंस के डिन प्रो० डॉ० अनिल कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में यूजीसी में फ्रेश एडमिशन लेने वाले छात्र-छात्राओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए पाठ्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया। प्रो० डॉ० अनिल कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का हिस्सा नहीं है, यह स्वयं जीवन है। सपने बड़े होने चाहिए, लक्ष्य ऊंचे होने चाहिए, प्रयास महान होने चाहिए, तभी आप सफल हो सकते हैं। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अपने समय का उपयोग कल से बेहतर होने के लिए करें। कार्यक्रम में प्राचार्य बृजकिशोर तिवारी, प्रो० फूल कुमार झा, प्रो० प्रदीप पाण्डेय, प्रो० अमरेंद्र कुमार,प्रो० एमडी हैदर अली,पिंकी कुमारी, अदिति कुमारी, किरण कुमारी, खुशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, नाजिया परवीन आदि मौजूद थे।

## राजस्थान का बजट किसी भी वर्ग के लिये लाभकारी नहीं केवल दिखावा मात्र

- **आगामी निकाय व सहकारिता चुनावों से ओतप्रोतः- सांसद नीरज डाँगी**

चमकता राजस्थान।

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 जुलाई।** सांसद नीरज डाँगी ने आज राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत राजस्थान का पूर्ण बजट-2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट गरीबों, मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग, युवा बेरोजगारों, किसानों सहित वेतनभोगियों को किसी भी प्रकार की राहत देने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्गों के लिये दिखावा मात्र है जो दिखाता तो बहुत कुछ है पर उसका लाभ किसी भी वर्ग को नहीं मिल रहा है। इस बजट में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लाई गई लाभकारी योजनाओं को उलट-पलट कर प्रस्तुत किया है, परन्तु मंहगाई में कोई राहत नहीं दी गई है।राज्य सभा सांसद नीरज डाँगी ने बताया कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के समय जब भीबजट प्रस्तुत होता था तो गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग, युवा बेरोजगारों व वेतनभोगियों कीआशाओं को पूरा किये जाने के प्रयास वाले बजट के साथ साथ राजस्थान के उद्योग धन्धों कोके विकास के लिये किसी प्रकार का प्रोत्साहन नहीं दिया गया है जिससे इनका विकास होकरलोगों को रोजगार मिल सके। इस बजट में बड़े उद्योगों को फायदा देने का प्रयास किया गया हैजबकि राजस्थान घरेलू और छोटे उद्योगों का प्रान्त है जिनके विकास से राज्य का विकास संभवहै, परन्तु इस पर राजस्थान की भाजपा सरकार ने इस बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया है।उन्होंने बजट पर बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार इसबजट में थोथी घोषणाएं की गई है जिसमें पांच साल में 4 लाख भर्तियां किये जाने की घोषणाकी है जबकि चुनावों के समय प्रतिवर्ष 70 हजार भर्तियां किये जाने की घोषणा की गई थी।परन्तु अभी तक किसी भी प्रकार की भर्तियां नहीं की गई है जबकि पिछली कांग्रेस सरकार केसमय जारी की गई विज्ञप्तियों को भी रोक कर युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है।भाजपा सरकार ने पिछली सरकार द्वारा भर्ती किये गये स्वास्थ्य मित्रों की सेवायें समाप्त कर अब इस बजट में नई घोषणा की है कि अब 2000 वन मित्र भर्ती किये जायेंगे। जो यह प्रदर्शित करता है कि पिछली सरकार के कार्यों को बदल कर दूसरे रूप में लाया गया है। नये जिले बनने के बाद पहला बजट आया है परन्तु भाजपा सरकार ने नये जिलों हेतु स्टाफ, भवन इत्यादि के लिये कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया हैउन्होंने कहा कि यह बजट किसी भी वर्ग के लिये लाभकारी नहीं है तथा न ही राज्य के लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बजट नाकाफी है तथा यह आगामी निकाय व सहकारिता चुनावों को देखते हुए दिखावा मात्र है, जिसे वन टाईम वन इलेक्शन के रूप में प्रस्तुत जो परिसीमन के बाद किये जाने की घोषणा की गई है।

## जयपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) का कनिष्ठ सहायक 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर;(खलील कुरैशी) 10 जुलाई, बुधवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई.डब्ल्यू.) जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुये हिमांशु मुद्गल कनिष्ठ सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) उपखण्ड-द्वितीय सांगानेर, जयपुर को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई. डब्ल्यू) जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि पानी के कनेक्शन की फाइलें पास करवाने की एवज में आरोपी हिमांशु मुद्गल कनिष्ठ सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) उपखण्ड-द्वितीय सांगानेर, जयपुर द्वारा प्रति फाइल 100



रुपये के हिसाब से कुल 20 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई. डब्ल्यू.) जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ललित किशोर शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक कविता यादव द्वारा मय टीम उप अधीक्षक पुलिस सुरेन्द्र पंचौली एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हिमांशु मुद्गल कनिष्ठ सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) उपखण्ड-द्वितीय सांगानेर, जयपुर को परिवादी से 20 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी कनिष्ठ सहायक स्वयं ही परिवादी की दुकान पर रिश्वत लेने आया और ए.सी.बी टीम द्वारा पकड़ा गया।एसीबी जयपुर की उप महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हें३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७७ सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## एक नजर

### राज्यपाल हरिचंदन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन बुधवार को राजभवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय पद्मावती देवी की याद में आम का पौधा लगाया। हरिचंदन ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि पौधरोपण करना सभी के लिए जरूरी है। पूरे विश्व को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के लिए सभी को प्रयास करने चाहिए। वातावरण का प्रदूषण देश एवं दुनिया के लिए बहुत खतरनाक है विशेषकर कोविड महामारी के बाद इससे खतरा और बढ़ गया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदूषण सभी बीमारियों की जड़ है। इसलिए बीमारियों से बचने के लिए समाज, देश एवं विश्व के वातावरण को प्रदूषण से बचाना होगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देश में ह्यएक पेड़ माँ के नामह्य अभियान शुरू कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ने के लिए पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया है।

### जिला प्रशासन ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में वितरित की राहत सामग्री



**टनकपुर(चम्पावत)।** टनकपुर व बनबसा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों को प्रशासन द्वारा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। एसडीएम आकाश जोशी ने राजस्व विभाग, नगर पालिका एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ टीम गठित की जिसके बाद टीम की ओर से नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। वहीं दूसरी ओर पशु विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में घायल एवं पालतु पशुओं का उपचार करने के साथ ही उनके लिए पशुपालकों को चारा उपलब्ध कराया गया।

### नदी में नहाते समय दो नाबालिग भाई डूबे

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के बोनजवाह इलाके में एक नदी में नहाते समय दो नाबालिग भाई डूब गए। अधिकारियों ने लड़कों की पहचान गुंडू तहसील चिल्ली पिंगिल डिसैट डोडा के नासिर हुसैन (16) और यासिर हुसैन (13) के रूप में की है। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद एक पुलिस दल मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से लड़कों को बचाने के लिए तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि लगभग चार घंटे की तलाशी के बाद दोनों भाईयों के शवों को नदी से बाहर निकाला गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शवों को उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को सौंप दिया गया है।

### ठाणे मनपा की मुख्य पानी आपूर्ति वितरण प्रणाली में खराबी, युद्धस्तर पर मरम्मत शुरू

**मुंबई।** ठाणे महा नगर पालिका क्षेत्र को पानी की आपूर्ति करने वाले मुख्य जल चैनल में आज सुबह टेमघर-मजीवाड़ा के बीच रिसाव शुरू हो गया है। इसलिए जल वितरण व्यवस्था बंद कर दी गई है। ठाणे मनपा ने जनसंपर्क विभाग ने आज दोपहर को बताया कि अब. मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मनपा सूत्रों के अनुसार आज शाम पांच बजे तक जलापूर्ति बहाल होने की संभावना है।. इन मरम्मतों और पंपिंग स्टेशन से कीचड़ निकालने के कारण गुरुवार, 11 जुलाई तक पानी की आपूर्ति अनियमित और कम दबाव पर रहेगी।

### शारदा नहर की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**लखनऊ।** लखनऊ में मोहान रोड पर शारदा नहर की सरकारी जमीन पर स्थानीय लोगों ने दुकानें खोलकर अवैध रुप से कब्जा कर रखा है। सिंचाई विभाग के अतिक्रमण दस्ते के मना करने के बावजूद स्थानीय लोग नहीं मानते और दुकानें लगाये रखते हैं। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अविनाश मिश्रा ने कहा कि शारदा नहर की जमीन पर अतिक्रमण, कब्जे की शिकायत मिली है। इसकी जांच करायी जा रही है। जांच के बाद अतिक्रमण दस्ते को भेजकर कार्रवाई भी करायी जायेगी। सिंचाई विभाग की शारदा नहर की जमीन पर कहीं पर भी कब्जा नहीं होने दिया जायेगा।


### बाइक खड़ी करने को लेकर युवती को छत से फेंका

**लखनऊ।** शहर के मोहल्ला लहरिया पुरवा स्थित डूडा कालोनी में बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की पुत्री को छत से फेंक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया है। शहर के मोहल्ला लहरियापुरवा में बुधवार को डूडा कालोनी में बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।

## मुख्यमंत्री योगी ने लेखपालों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

# प्रदेश में 30837 लेखपालों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाएगी: योगी आदित्यनाथ

● पुलिस विभाग ने ही अकेले 1 लाख 55 हजार युवा भर्ती किये गए



लखनऊ। एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 7720 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में पारदर्शी तरीके से भर्ती हो रही है लेकिन पिछली सरकारों में भर्ती निकलते ही एक परिवार का पूरा कुनबा वसूली के लिए निकल पड़ता था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2022 की राजस्व विभाग के द्वारा भर्तियों को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पूरा किया है। कुछ लोगों की फितरत होती है कि अच्छे कार्यों में रोड़े अटकाना और गुमराह करना। उन्होंने इस कार्य में भी रोड़े अटकाए लेकिन अधीनस्थ चयन आयोग सुप्रीमकोर्ट तक गया और और आज ये नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही प्रदेश में 30837 लेखपालों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। सरकार द्वारा पिछले 7 वर्षों से नियुक्ति प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से चल रही है। इसकी वजह से 6 लाख से ज्यादा युवा प्रदेश के उन्नति मे सहयोग दे रहे है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने ही अकेले 1 लाख 55 हजार युवा भर्ती किये गए।

बिना भेदभाव और आरक्षण नियमों का पालन करते हुए युवा योग्यता अनुरूप भर्ती हो रहे हैं। 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया में होल थे। एक परिवार आपस में जिले बांट लेते थे। चाचा-भतीजे वसूली पर निकल जाते थे।

लेकिन आज नियुक्ति प्रक्रिया में निष्पक्षता से युवाओं में विश्वास आया है। युवाओं का विश्वास ही हमारी ताकत है। ये वही प्रदेश है, जब यहां का युवा बाहर जाता था तो पहले ही छांट दिया जाता था। आज युवा का सम्मान होता है। लोग समझ गए हैं ये नया उत्तर प्रदेश है, नए युवा हैं। पहले की सरकारों की नीयत साफ नहीं थी। भाई भतीजावाद होता था, कोर्ट से स्टे होते थे। सरकार के दलालों और गुर्गों के जेब में पैसा आ जाता था। अब परिस्थितियां बदली हैं। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के साथ ही शासन क अधिकारी मौजूद रहे।

## राजनीति से प्रेरित है हाथरस दुर्घटना की एसआईटी रिपोर्ट : मायावती

लखनऊ। एजेंसी



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने हाथरस दुर्घटना में प्रस्तुत एसआईटी रिपोर्ट को राजनीति से प्रेरित होना बताया है।

बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस में बीते दिनों हुए सत्संग में मची भगदड़ में 121 निर्दोष की जान चली गई थी। दुर्घटना में महिलाओं, बच्चों आदि की दर्दनाक मौत सरकारी लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। किन्तु एसआईटी द्वारा सरकार को पेश रिपोर्ट घटना की गंभीरता के हिसाब से नहीं होकर राजनीति से प्रेरित ज्यादा लगती है, यह अति-दुःखद है। उन्होंने कहा कि इस अति-जानलेवा घटना के मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका के सम्बंध में एसआईटी की खामोशी भी लोगों में चिन्ताओं का कारण बना हुआ है। साथ ही, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाय उसे क्लीनचिट देने का प्रयास खासा चर्चा का विषय है। सरकार जरूर ध्यान दे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो।

**उन्नाव हादसे पर दुःख जताया**

मायावती ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस और टैंकर की जोरदार भिड़न्त में दो महिलाओं व एक बच्चे सहित 18 लोगों की मौत पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि हादसे में हुई लोगों की मौत तथा लगभग 20 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अति-दुःखद है। मेरी गहरी संवेदना। ऐसी दुर्घटनाओं में लोगों की मौतों को रोकने के उपाय जरूर किए जाएं।

### नशे में फरसे से अधेड़ को उतारा मौत के घाट

**कानपुर देहात।** जनपद के रसूलाबाद थानाक्षेत्र में मंगलवार दयमियानी रात में धारदार हथियार से अधेड़ की निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम पहुँची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के चतुरनिवादा गांव में रहने वाले शिव सिंह उर्फ लालू का शव खून से लथपथ हालत में मंगलवार देर रात घर के बाहर चारपाई पर मिला। घटना से गांव में दहशत फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही समय बाद फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि गांव में बारात आई थी, जहां सभी गए हुए थे। बारात में आरोपी ब्रजमोहन भी गया हुआ था। आरोपी बारात से वापस आया और घर के बाहर सो रहे शिव सिंह पर फरसे से वार कर दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। फोरेंसिक टीम ने मौके से सभी सबूत इकट्ठा किए।

## जीजा माता पार्क का सपना ठाणे में होगा साकार, सरनाइक ने कहा सीएम ने दी मंजूरी

मुंबई। एजेंसी





ठाणे में ओवला माझीवाडा विधान सभा के विद्यायक प्रताप सरनाइक ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्वयं ओवला-माझीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विधान भवन में एकनाथ अध्यक्षता में बैठक हुई। उसमें उन्होंने ठाणे नगर निगम क्षेत्र में हावेरे शहर के पास राष्ट्रीय उद्यान के क्षेत्र को छोड़कर मुंबई के भायखला में जीजामाता पार्क की तर्ज पर वन विभाग की 150 एकड़ भूमि पर एक पार्क बनाने का अनुरोध किया था। जब प्रताप सरनाईक ने कहा, मुख्यमंत्री ने इसे तुरंत मंजूरी भी दे दी है और वन विभाग के प्रधान सचिव और उपस्थित अधिकारियों को इस पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। ठाणे शहर की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए कुछ महीने पहले ठाणे नगर निगम सीमा में कोलशेत क्षेत्र में नमो उद्यान की शुरूआत की गई थी और युवा और बूढ़े इस पार्क का आनंद लेने आते हैं। इसी प्रकार, यदि ठाणे शहर में कोई चिड़ियाघर और पार्क निर्मित होता है, तो इसका आनंद स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के साथ-साथ नागरिक भी उठा सकते हैं।

इसके योजना के मुताबिक इस 150 एकड़ जमीन पर बाबू के पेड़ों के साथ-साथ अन्य पेड़ भी लगाए जाएंगे, साथ ही इस पार्क में विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी भी उपलब्ध होंगे। वन विभाग के नियमानुसार इस स्थान पर किसी भी निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती, केवल उतना ही निर्माण किया जा सकता है जितना जानवरों की सुरक्षा के लिए किया जा सकता है।

वन विभाग के अधिकारियों की भी योजना है कि इनमें से अधिकांश निर्माण कार्य लकड़ी के बने होने चाहिए। ठाणे के विधायक प्रताप सरनाइक ने कहा कि मुंबई के रानी बाग और नागपुर के महाराज बाग की तरह ठाणे नगर निगम में भी इस प्रकार का उद्यान जल्द ही साकार होगा।

### रायपुर : केंद्रीय मंत्री खट्टर और मुख्यमंत्री साय मंत्रालय में ले रहे समीक्षा बैठक




**रायपुर।** केंद्रीय विद्युत और शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज बुधावार को छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। वे सुबह रायपुर पहुंचे, जहां सीएम हाउस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसके बाद वे मंत्रालय में मुख्यमंत्री के साथ ऊर्जा और शहरी एवं आवास विभाग के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और मुख्य सचिव अमिताभ जैन सहित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद है।

### उप्र : दस अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को दस अपर पुलिस अधीक्षकों को तबादला हुआ है। बदायूं में अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) के पद पर तैनात राम मोहन सिंह 31 जुलाई के सेवानिवृत्त होने के बाद अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट वाराणसी में तैनात कृष्णकांत सरोज अपना कार्यभार संभालेंगे। तबादलों के क्रम में प्रयागराज 04वीं वाहिनी पीएसी में उपसेना नायक के पद पर तैनात प्रवीन सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला। अनित कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) मेरठ से हटाकर प्रयागराज 04वीं वाहिनी पीएसी में उपसेना नायक की जिम्मेदारी मिली है। गोरखपुर 02वीं वाहिनी एसएसएफ में उपसेना नायक अवनीश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) मेरठ बनाया है। असीम चौधरी को अपर पुलिस अधीक्षक जालौन से अपर पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला, प्रदीप कुमार वर्मा को लखनऊ 01वीं वाहिनी एसएसएफ में उपसेना नायक से अपर पुलिस अधीक्षक जालौन भेजा गया है। इसी तरह पीयूष कुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस सुल्तानपुर से अपर पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद, देवेश कुमार शर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मथुरा से अपर पुलिस अधीक्षक यूपीपीसीएल मुख्यालय लखनऊ, मनोज कुमार यादव को अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस अकादमी मुरादाबाद से अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मथुरा और कृष्णकांत को अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) बदायूं बनाया है।

### पीएम मोदी के मुद्दा उठाने के बाद

## रूसी सेना में कार्यरत भारतीयों की होगी स्वदेश वापसी

मास्को। एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद रूसी सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षित स्वेदश वापसी का रास्ता खुलने के साथ ही उनकी भर्ती बंद करने पर मास्को तैयार हो गया है। भारत की मांग पर रूस ने सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अनौपचारिक मुलाकात के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि रूसी पक्ष ने सभी भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से जल्द सेवामुक्त करने का वादा किया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने उन भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया, जिन्हें गुमराह करके रूसी सेना में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया और रूसी पक्ष ने सभी भारतीय नागरिकों को जल्द सेवामुक्त करने का वादा किया। क्वात्रा ने कहा कि दोनों पक्ष इस विषय पर काम करेंगे कि भारतीयों को कितनी तेजी से स्वदेश वापस लाया जा सके। एक प्रश्न के उत्तर में क्वात्रा ने कहा कि भारत का अनुमान है कि रूसी सेना में कार्यरत उसके नागरिकों की संख्या लगभग 35 से 50 के बीच होगी, जिनमें से 10 को पहले ही वापस लाया जा चुका है।

## नेपाल के युवाओं की भी रूसी सेना से हो रही वापसी, 138 युवा वापसी को तैयार

काठमांडू। एजेंसी



रूस की सेना में अवैध रूप से भर्ती किए गए नेपाल के युवाओं की भी स्वदेश वापसी की अनुमति मिल गई है। मास्को स्थित नेपाली दूतावास के सहयोग से अब तक 138 नेपाली युवाओं की नेपाल वापसी हो रही है। करीब एक दर्जन और नेपाली युवकों ने स्वदेश वापसी के लिए दूतावास में संपर्क किया है। काठमांडू स्थित विदेश मंत्रालय की सचिव सेवा लम्साल ने बुधवार को बताया कि 138 युवाओं का ट्रेवल डॉक्यूमेंट बनाया जा चुका है और उनकी वापसी के लिए विशेष विमान की बात चल रही है। धीरे-धीरे नेपाल वापस होने वाले युवाओं की संख्या बढ रही है। अभी 13 युवाओं ने फिर से नेपाली दूतावास से संपर्क कर नेपाल वापसी की इच्छा जताई है। विदेश सचिव ने यह भी बताया कि रूसी सेना में कार्यरत जो नेपाली युवा वापस होना चाहते हैं उनको रूसी सेना की तरफ से जाने की इजाजत दी जा रही है।

रूस-युक्रेन युद्ध के क्रम में गत वर्ष हजारों नेपाली युवाओं को चीनी कंपनी के जरिए विभिन्न देशों में काम दिलाने के बहाने से रूस पहुंचाया गया था जहां कुछ दिनों की ट्रेनिंग के बाद ही उन सबको रूसी सेना में सहायक के रूप में भर्ती कर लिया गया था। यह मामला तब उजागर हुआ जब युद्ध के दौरान कई नेपाली युवाओं की मौत हो गई और सैकड़ों युवाओं को युक्रेन ने अपने यहां युद्ध बंदी बना कर रखा। इधर नेपाल में रूसी सेना में कार्यरत युवाओं के परिवार की तरफ से लगातार नेपाल सरकार पर दबाब डाला जा रहा था।

उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय रूस दौरे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष भारतीय युवाओं के रूसी सेना में अवैध तरीके से भर्ती किए जाने का मुद्दा उठाया था। इस दौरान बातचीत में रूस भारतीय युवाओं की स्वदेश वापसी पर सहमत हो गया था।

### स्मैक रखने के दोषी को तीन साल की सजा

**हरिद्वार।** स्मैक रखने का आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस अनिरुद्ध भट्ट ने अभियुक्त को तीन वर्ष की कठोर कैद तथा बीस हजार रुपये की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता कुशलपाल सिंह चौहान ने बताया कि 11 जुलाई 2019 को जीआरपी लक्सर थानाध्यक्ष उप निरीक्षक सुभाष चंद्र अपने टीम के साथ लक्सर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से 4 तक गश्त पर थे। जब पुलिस टीम स्टेशन की प्लेटफार्म नंबर एक पर बनी पानी की टंकी के पास पहुंची तो उन्हें पास की झाड़ियां के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखकर व्यक्ति जाने लगा। पुलिस ने व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एसके पास से 14.18 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपित ने अपना नाम शमशाद पुत्र अली अहमद निवासी रामपुर, गंगनहर, हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे में आरोपित के खिलाफ वादी पक्ष की ओर से पांच गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपित को दोषी ठहराया।

**लापरवाही** | **ग्राम पंचायत भटगांव में बना मिनी स्टेडियम खरपतवार से पट गया**

# अनदेखी की भेंट चढ़ा 50 लाख से बना मिनी स्टेडियम

धमतरी। एजेंसी

● खरपतवार के उग के जाने और साफ-सफाई के अभाव में स्थिति बदहाल को चली है



ग्राम पंचायत भटगांव में 50 लाख की लागत से बना मिनी स्टेडियम अनदेखी की भेंट चढ़ गया है। देखरेख के अभाव में यह बद से बदतर स्थिति में पहुंच चुका है। वर्तमान में इसे देखने पर यह किसी सब्जी बाड़ी का स्थान नजर आता है। खरपतवार के उग के जाने और साफ- सफाई के अभाव में स्थिति बदहाल को चली है। ग्रामीणों ने मिनी स्टेडियम की साफ-सफाई और अतिक्रमण को हटाने की मांग की है, ताकि खिलाड़ियों को खेलने का बेहतर अवसर मिल सके। ग्राम पंचायत भटगांव में सन 20 जून 2019 में मिनी स्टेडियम का लोकार्पण हुआ। 50 लाख की लागत से बने इस खेल मैदान में शौचालय भवन, वाशरूम सहित कमरे बनाए गए, सुविधा भी दी गई, लेकिन स्थानीय प्राशासन द्वारा देखरेख नहीं होने के कारण धीरे-धीरे सामान चोरी हो गए। वर्तमान में हालात यह है कि लोगों ने प्रवेश द्वार के सामने ही अतिक्रमण कर झोपड़ी तान दिया है, जिसके चलते इस मैदान में प्रवेश करना भी दुष्कर हो चला है। कटीले तार, खरपतवारों से यह मैदान पट गया है। गांव के पूर्व सरपंच मोहित देवांगन ने कहा कि लंबे समय से मैदान में गतिविधि शून्य है। वर्तमान में मैदान में कचरा पट गया है। ग्राम पंचायत को इसकी सफाई करवानी चाहिए। खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए बनाए गए खेल मैदान का उपयोग नहीं हो रहा है। इसकी साफ-सफाई करके मैदान को खोला जाना चाहिए ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

दीपक साहू ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के ढुलमुल रवैए के कारण आज मैदान की स्थिति बद से बदतर हो चली है। अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। प्रवेश द्वार के सामने ही तंबू तान दिया गया है, जिसे हटाना आवश्यक है। भुनेश्वर साहू व गंभीर देवांगन का कहना है कि शासकीय भवनों के निर्माण के बाद देखरेख नहीं होने के कारण स्थिति खराब हो गई है। यहां लगाए गए लाइट, पंखे सब चोरी हो चुके हैं।

# मराठा और ओबीसी समाज को न्याय दे शिंदे सरकार : बडेट्टीवार

मुंबई। एजेंसी



विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय बडेट्टीवार ने बुधवार को कहा कि मराठा और ओबीसी समाज को न्याय देने का काम एकनाथ शिंदे सरकार को करना चाहिए। सरकार के पास 206 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। शिंदे सरकार अगर निर्णय नहीं ले पा रही है तो पूरी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। विधानसभा में बुधवार को भाजपा विधायक अनिल साटम ने कहा कि विपक्ष मराठा और ओबीसी के बीच विवाद बढ़ा रहा है। इसी वजह से राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को आयोजित की गई सर्वदलीय बैठक का विपक्ष ने बहिष्कार किया था। विपक्ष को मराठा और ओबीसी समाज के आरक्षण के बारे में अपनी भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए। इसके बाद भाजपा विधायक आशीष शेलार ने कहा कि विपक्ष ने पहले कहा था कि वे सर्वदलीय बैठक में शामिल होंगे लेकिन अचानक विपक्ष ने अपनी भूमिका बदल दी और विपक्ष के नेता सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए।

विपक्ष को सभागृह में खुलासा करना चाहिए कि आखिर किसके फोन आने के बाद विपक्ष ने अपनी भूमिका बदली। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष बडेट्टीवार ने कहा कि भाजपा नीत एनडीए ने ही ओबीसी और मराठा समाज में विवाद उत्पन्न करने का काम किया है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सभागृह में हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद अध्यक्ष ने सभागृह का कामकाज तीन बार स्थगित किया गया।

## एक नजर

### पेरिस ओलंपिक में ग्रीस के ध्वजवाहक होंगे जियानिस, एंटीगोनी



**एथेंस।** ग्रीक बास्केटबॉल खिलाड़ी जियानिस एंटेटोकोउनम्पो और रेस वॉकर एंटीगोनी ड्रिसबियोटी को आगामी 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए ग्रीस का क्रमशः पुरूष और महिला ध्वजवाहक नामित किया गया है, हेलेनिक ओलंपिक समिति (एचओसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। अपने-अपने क्षेत्र के दोनों चैंपियनों का चयन ग्रीक ओलंपिक समिति के मतदाताओं के पूर्ण बहुमत द्वारा किया गया। स्थानीय समाचार पत्र एकाथिमेरिनी के अनुसार, अन्य उम्मीदवारों में टेनिस खिलाड़ी मारिया सक्कारी, तैराक इवेंजेलिया प्लाटानियोटी और वाटर पोलो खिलाड़ी मागार्रीटा प्लेवरिटौ शामिल थे। हेलेनिक ओलंपिक समिति के अध्यक्ष स्पाइरोस कैपरालोस ने मतदान के बाद कहा मैं एंटीगोनी और जियानिस दोनों को बधाई देना चाहता हूं, मुझे यकीन है कि वे हमारे देश को आगे बढ़ाएँगे। मैं मतदान में भाग लेने वाले तीन अन्य चैंपियन को भी बधाई देना चाहूंगा। 29 वर्षीय एनबीए स्टार, जो नाइजीरियाई माता-पिता के घर एथेंस में पैदा हुए थे, और 40 वर्षीय रेस वॉकर जिन्होंने रियो 2016 और टोक्यो 2020 में ग्रीस का प्रतिनिधित्व किया था। वे पहले दो एथलीट होंगे जिनका 26 जुलाई को पेरिस 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान भीड़ स्वागत करेगी।

### विंबलडन : मेदवेदेव ने कड़ी टक्कर में सिनर को हराया, सेमीफाइनल में अल्काराज से सामना



**लंदन।** डेनियल मेदवेदेव और जननिक सिनर एक दूसरे के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। सितंबर 2023 तक, मेदवेदेव ने अपने सभी छह मुकाबलों में जीत हासिल की थी, लेकिन अगले पांच मुकाबलों में सिनर ने बाजी पलट दी। हालांकि विंबलडन में एक बार फिर मेदवेदेव ने वापसी की और सिनर को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को मेदवेदेव लड़खड़ाते दिखे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभालते हुए पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से जीत दर्ज की और लगातार दूसरे विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में मेदवेदेव का सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा, जिन्होंने अमेरिकी टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। मेदवेदेव ने मैच के बाद कहा अगर आपको सिनर को हराना है, तो यह एक कठिन मैच होगा। वह अब ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसे आसानी से हराया जा सके।

### वेल्स राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच नियुक्त किये गए क्रेग बेलामी



**लंदन।** लिवरपूल, मैनचेस्टर सिटी और न्यूकैसल यूनाइटेड के पूर्व फारवर्ड क्रेग बेलामी को मंगलवार को वेल्स राष्ट्रीय टीम का नया कोच नियुक्त किया गया। 44 वर्षीय बेलामी ने 2028 तक चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वह रॉबर्ट पेज का स्थान लेंगे, जिन्हें जून में खराब परिणामों के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। बेलामी, जिन्होंने वेल्स के लिए 78 मैचों में 19 गोल किए और 2007-2010 के बीच देश की कप्तानी की, ने कहा मेरे लिए अपने देश का नेतृत्व करने का अवसर दिया जाना एक अविश्वसनीय सम्मान है और यह मेरे करियर का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। बर्नले में प्रथम टीम के कोच और विन्सेंट कोम्पनी के बायर्न म्यूनिख में शामिल होने के बाद कार्यवाहक मुख्य कोच को भूमिका निभाने वाले बेलामी ने कहा मेरा हमेशा से सपना था कि मैं सिमरू (वेल्स) का मुख्य कोच बनूं और मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं, मैं इस टीम को विकसित करने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता देता हूँ और मैं वेल्स फुटबॉल में निरंतर सफलता लाने के लिए उत्सुक हूँ।

# बीसीसीआई, जय शाह ने सुनील गावस्कर को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत के महान सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने गावस्कर को सोशल मीडिया पर क्रिकेट जगत से जन्मदिन की शुभकामनाएं मिलीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर, आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान सहजता से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं, और आने वाला साल शानदार रहे। बीसीसीआई ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 1983 विश्व कप विजेता, 233 अंतरराष्ट्रीय मैच, 13,214 अंतरराष्ट्रीय रन, टेस्ट मैचों में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज। पूर्व भारतीय कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। भारत की पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने भी लिटिल मास्टर्स के खास दिन पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं, उन्होंने एक्स पर लिखा, ₹जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, गावस्कर सर! आप एक क्रिकेट आइकन हैं, 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी और 108 कैच के साथ एक बेहतरीन फील्डर हैं। आपकी उपलब्धियां हम सभी को प्रेरित करती हैं। अपने खास दिन का आनंद लें।

16 साल से ज्यादा लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में गावस्कर ने 233 मैच खेले और इंग्लैंड में 1983 का वनडे विश्व कप भी जीता। उन्होंने 51.12 और 35.13 की औसत से 125 टेस्ट और 108 वनडे खेले। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 35 शतक बनाए (34 टेस्ट में और एक वनडे में), इसके अलावा उनके नाम 72 अर्धशतक (45 टेस्ट में और 27 वनडे में) हैं। इसके अलावा 1970 के दशक के आखिर से 1980 के दशक की शुरूआत तक कुछ मौकों पर उन्होंने भारत की कप्तानी भी की। अपने खेल करियर के खत्म होने के बाद से गावस्कर भारत के मैचों के साथ-साथ आईपीएल में भी कमेंट्री बॉक्स में नियमित रूप से नजर आते रहे हैं।

# कोपा अमेरिका 2024 : मेसी के 109वें गोल की बदौलत अर्जेंटीना फाइनल में

**न्यू जर्सी। एजेंसी**



- अल्वारेज ने 22वें मिनट में और मेसी ने 51वें मिनट में गोल किया
- पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम 130 गोल हैं
- ईरान के अल डेई ने 1993 से 2006 तक 108 गोल किए थे

लियोनेल मेसी के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल की बदौलत गत चैंपियन अर्जेंटीना ने मंगलवार रात कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका के फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना के लिए मैच में जूलियन अल्वारेज ने 22वें मिनट में और मेसी ने 51वें मिनट में गोल किया। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं और कोपा अमेरिका में 14 गोल किए हैं, जो रिकॉर्ड से तीन कम है। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम 130 गोल हैं, जो मेसी से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल हैं, ईरान के अल डेई ने 1993 से 2006 तक 108 गोल किए थे। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना का अजेय क्रम 10 मैचों तक बढ़ गया है। अर्जेंटीना की टीम फाइनल में रविवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करेगी। यदि अर्जेंटीना की टीम फाइनल जीतती है तो यह उनका रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब होगा। 2022 विश्व कप के आसपास लगातार कोपा अमेरिका में चैंपियनशिप जीतने की कोशिश में, अर्जेंटीना स्पेन की उपलब्धि की बराबरी करने की कोशिश कर रहा है, जब ला रोजा ने 2008 और 2012 यूरोपीय चैंपियनशिप के साथ-साथ 2010 विश्व कप जीता था।

## गौतम गंभीर के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने को तैयार अभिषेक

**नई दिल्ली। एजेंसी**




भारतीय क्रिकेट टीम को कोच गौतम गंभीर के भारतीय पुरुष टीम के सहयोगी स्टाफ में राज्य क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित विभिन्न स्तरों पर अपने अनुकरणीय काम के लिए जाने जाने वाले कोचिंग पेशेवर शामिल होने वाले हैं, जबकि राहुल द्रविड़ के निवर्तमान स्टाफ के कम से कम एक सदस्य को बनाए रखने की योजना बनाई जा रही है। अन्य दो पदों के लिए चयन प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभिषेक नायर, जो काफी समय से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की बैकरूम टीम का अभिन्न अंग हैं, के टीम गंभीर में शामिल होने की संभावना है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि गंभीर ने नायर (40) को चुना, जो भारत के पूर्व ऑलराउंडर हैं और जिन्होंने 2009 में तीन वनडे मैच खेले थे। केकेआर में दोनों के बीच मजबूत पेशेवर संबंध रहे हैं और गंभीर ऐसे साथी की तलाश में थे जो अपने काम के प्रति समर्पित और गंभीर हो। नायर इस मामले में फिट बैठते हैं और अतीत में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ भी उनका करीबी रिश्ता रहा है। मुंबई के इस पूर्व ऑलराउंडर को विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के बजाय सहायक कोच के रूप में नियुक्त किए जाने की उम्मीद है। गंभीर खुद बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा सकते हैं।

द्रविड़ के अधीन फील्डिंग कोच के रूप में काम कर चुके टी दिलीप को बरकरार रखे जाने की संभावना है, जबकि बीसीसीआई ने मीडिया में द्रविड़ और उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए बयान दिया था, जिसके कारण यह माना गया कि अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है। गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा करते हुए 9 जून को बीसीसीआई की विज्ञप्ति में कहा गया, बोर्ड पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच), टी. दिलीप और विक्रम राठौर को भी उनके बेहद सफल कार्यकाल के लिए बधाई देता है।

## पेरिस : ओलंपिक से पहले चोटिल हुई 200 मीटर वर्ल्ड चैंपियन शेरिका जैक्सन

**हंगरी। एजेंसी**



200 मीटर वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक पसंदीदा शेरिका जैक्सन को हंगरी एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स के दौरान मंगलवार को रेस के अंत में चोट लग गई। पेरिस ओलंपिक इस महीने के अंत में शुरू होंगे। जमैका की यह स्टार धावक आगे थी और फिनिश लाइन के करीब थी, तभी वह अचानक से रुक गईं। सेंट लूसिया के जूलियन अल्फ्रेड द्वारा जीती गई रेस में जैक्सन को असहजता महसूस हुई, और वह ट्रैक से बाहर चली गईं। जमैका के लोग पेरिस खेलों के लिए पहले से ही एलेन थॉम्पसन-हेराह को मिस कर रहे हैं। 100 और 200 मीटर में दो बार की ओलंपिक चैंपियन ने हाल ही में कहा कि उनके अकिलीज टेंडन में एक छोटा सा घाव है। महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में अब तक के चार सबसे तेज समय में से तीन जैक्सन के नाम हैं। 21.41 सेकंड का उनका सर्वोच्च समय पिछली गर्मियों में हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के दौरान तय किया गया था। वह फ्लोरेंस ग्रिफि थ जॉयनर के रिकॉर्ड को तोड़ने के और भी करीब पहुँच रही हैं, जिन्होंने 1988 में सियोल ओलंपिक में 21.34 सेकंड का समय निकाला था। जैक्सन, जो अगले हफ़्ते 30 साल की हो जाएंगी। 100 मीटर में अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी शाह्नकैरी रिचर्डसन को भी चुनौती देने की उम्मीद है।

# टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंचे रुतुराज

- रुतुराज 13 पायदान की छलांग लगाकर 20वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंच गए हैं। गायकवाड़ ने यह उपलब्धि रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में भारत की 100 रन की व्यापक जीत में 47 गेंदों पर नाबाद 77 रन की पारी खेलने के बाद हासिल की। परिणामस्वरूप, गायकवाड़ 13 पायदान की छलांग लगाकर 20वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड शीर्ष पर हैं। गायकवाड़ के भारतीय टीम के साथी रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा ने भी रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की है। पिछले महीने भारत के विजयी टी20 विश्व कप अभियान में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रहे रिंकू ने दूसरे टी20 मैच में 22 गेंदों पर 48 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसकी बदौलत वह चार पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए।

दूसरी ओर, भारत के लिए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने दूसरे मैच में मात्र 47 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर 75वें स्थान पर अपनी रैंकिंग दर्ज की। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई, जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में छह विकेट चटकाए, गेंदबाजों की रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के होनहार बल्लेबाज ब्रायन बेनेट दो आक्रामक कैमियो की बदौलत 25 पायदान की छलांग लगाकर 96वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दो मैचों में 15 गेंदों पर 22 और नौ गेंदों पर 26 रन बनाए। पहले दो मैचों के बाद, तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी भी आठ पायदान ऊपर चढ़कर 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे को पहला टी20 मैच 13 रन से जीतने में 1/17 के अपने स्पेल की बदौलत अहम भूमिका निभाई थी।

गेंदबाजों की रैंकिंग में एडम जाम्पा (7वें), फजलहक फारूकी (8वें) और महेश थीक्षाना (10वें) को भी फायदा हुआ है, जबकि अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को जिम्बाब्वे सीरीज से आराम दिए जाने के कारण नुकसान हुआ है। ऑलराउंडर रैंकिंग के मामले में श्रीलंका के लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि हार्दिक पांड्या दूसरे स्थान पर वापस आ गए हैं। भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने पहले मैच में 27 रन की तेज पारी खेलने के अलावा जिम्बाब्वे में दो मैचों में तीन विकेट लेने के दम पर शीर्ष 50 में प्रवेश किया।

## वाणिज्य



# दूरसंचार उपकरण विनिर्माण की बिक्री 50 हजार करोड़ के पार

**नई दिल्ली। एजेंसी**




देश में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के तहत दूरसंचार उपकरणों की विनिर्माण संबंधी बिक्री 50 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। इस योजना के लागू किए जाने के तीन साल के अंदर तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश भी हुआ है। दूरसंचार विभाग (डॉट) ने बुधवार को एक बयान में बताया कि पीएलआई के तहत दूरसंचार उपकरणों की निर्माण संबंधी बिक्री 50 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। इस योजना के लागू किए जाने के तीन साल के अंदर 3,400 करोड़ रुपये का निवेश भी हुआ है। इसके तहत करीब 10,500 करोड़ का निर्यात हुआ है, जिससे 17,800 से अधिक प्रत्यक्ष और कई अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। डॉट ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स के बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना मोबाइल फोन और उसके घटकों के विनिर्माण करती है।

इसके परिणामस्वरूप भारत से मोबाइल फोन के उत्पादन और निर्यात दोनों में काफी तेजी आई है। भारत कई वर्षों से दूरसंचार उपकरणों का आयात करता रहा है, लेकिन मेक-इन-इंडिया और पीएलआई योजना के कारण संतुलन बदल गया है, जिसके कारण देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के उपकरणों का उत्पादन हो रहा है।

विभाग के मुताबिक वित्त वर्ष 2014-15 में भारत मोबाइल फोन का एक बड़ा आयातक था, जब देश में सिर्फ 5.8 करोड़ यूनिट का उत्पादन होता था, जबकि 21 करोड़ यूनिट का आयात होता था लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 33 करोड़ यूनिट का उत्पादन हुआ है। इस दौरान केवल 0.3 करोड़ यूनिट का आयात हुआ और करीब 5 करोड़ यूनिट का निर्यात हुआ। मोबाइल फोन के निर्यात का मूल्य वित्त वर्ष 2014-15 में 1,556 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2017-18 में 1,367 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 1,28,982 करोड़ रुपये हो गया है।

## इंडियन बैंक के सीईओ ने वित्त मंत्री को सौंपा 1193.45 करोड़ का लाभांश चेक



**नई दिल्ली। एजेंसी**

सावर्जनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने बुधवार को यहां केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1193.45 करोड़ रुपये का लाभांश का चेक सौंपा। वित्त मंत्री कार्यालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि वित?त मंत्री ने इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांति लाल जैन से बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1193.45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया है। इस अवसर पर बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इंडियन बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। देशभर में इस बैंक की 2421 शाखाएं हैं।

### सोलहवें वित्त आयोग ने सलाहकार परिषद का गठन किया

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग ने पांच सदस्यीय सलाहकार परिषद का गठन किया है। इससे आयोग के दायरे को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। जाने-माने अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया इसके अध्यक्ष हैं। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा है कि अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले 16वें वित्त आयोग ने पांच सदस्यीय सलाहकार परिषद का गठन किया है। इस पांच सदस्यीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता करेंगी। इसके अन्य सदस्य डी. के. श्रीवास्तव, नीलकंठ मिश्रा, प्रांजुल भंडारी और राहुल बाजोरिया हैं। मंत्रालय के मुताबिक इस परिषद की भूमिका, कार्य और उद्देश्य राजकोषीय हस्तांतरण से संबंधित मामलों पर सर्वोत्तम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं की तलाश करना है। यह आयोग के दायरे और समझ को व्यापक बनाने और इसकी सिफारिशों की गुणवत्ता, पहुंच और प्रवर्तन में सुधार करने में मदद करेगी।

## शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में गिरावट, सेंसेक्स 207 अंक टूटा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



शेयर बाजार हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को गिरावट के साथ लाल निशान पर खुला। बाजार का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 207.47 अंक फिसलकर 80,144 अंक पर और निफ्टी 49.6 अंक फिसलकर 24,383 अंक पर खुला है। फिलहाल शेयर बाजार के दोनों प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव जारी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 206.95 अंक यानी 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ 80,144.69 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 61.75 अंक यानी 0.25 फीसदी फिसलकर 24,371.45 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, शेयर बाजार में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा डॉलर के मुकाबले 83.49 पर स्थिर रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.49 के स्तर पर सपाट शुरूआत की। इसके बाद 83.49 से 83.50 प्रति डॉलर के बीच सीमित दायरे में ट्रेंड कर रहा है। उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार एक दिन पहले ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाया था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 391.26 अंक यानी 0.49 फीसदी उछलकर 80,351.64 के स्तर पर बंद हुआ।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की बजट पर प्रतिक्रिया

## बजट निराशापूर्ण एवम विकास में बाधक : डोटासरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 10 जुलाई।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राजस्थान सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को निराश करने वाला बताते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की युवाओं, किसानों, महिलाओं, शिक्षा एवं चिकित्सा के लिए कोई दूरगामी सोच नहीं है इसका परिणाम है कि राजस्थान सरकार के बजट में किसी प्रकार की जनकल्याणकारी योजना की घोषणा नहीं की गई बल्कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जिससे पूरे प्रदेशवासियों को लाभ मिल रहा था, को आगे बढ़ाने हेतु बजट आवंटन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के पशुपालकों को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दो पशुओं के लिए 40 हजार रुपये तक का निःशुल्क बीमा प्रदान किया था तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क ईलाज, 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा तथा निःशुल्क ऑर्गन ट्रांसप्लान्ट सहित गम्भीर बीमारियों का ईलाज निःशुल्क प्रदान किया गया था किन्तु भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को मिल रहे इस लाभ से वंचित कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में स्कूलों को क्रमोन्नत किया था और 3737 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले थे तथा 1400 से अधिक महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने की प्रक्रिया में थे किन्तु भाजपा सरकार ने इन नए स्कूलों के खुलने की प्रक्रिया समाप्त कर प्रदेश के नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने 5 साल में 4 लाख नौकरियां देने तथा एक लाख भर्तियां इसी वित्तीय वर्ष में चरणबद्ध प्रक्रिया अपनाकर करने की घोषणा की है किन्तु राजस्थान सरकार ने ना तो नई भर्तियां निकाली और ना ही अभी तक भर्तियों का कोई कलेण्डर जारी हुआ है।

डोटासरा ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कोई लाभकारी प्रावधान नहीं किए गए बल्कि भाजपा द्वारा चुनाव में किसानों को गेहूं की खरीद पर एमएसपी के अलावा बोनस देकर 2700 रुपये में खरीद करने का वादा किया गया था तथा किसान सम्मान निधि बढ़ाकर 12000 रुपये प्रतिवर्ष देने का वादा किया गया था किन्तु बजट घोषणा में इन वादों की अनदेखी की गई है। किसान सम्मान निधि मात्र 2000 रुपये बढ़ाने की घोषणा हुई है तथा गेहूं की खरीद पर एमएसपी पर केवल 125 रुपये का बोनस देकर सरकार ने अपने वादे की अनदेखी कर दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन में प्रदेश की जीडीपी दर 11.04 थी तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ने की दर पूरे देश में दूसरे नम्बर पर थी, भारतीय जनता पार्टी की सरकार को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किए गए कार्यों का लाभ मिल रहा है उसके बावजूद भाजपा सरकार की दूरदृष्टि के अभाव में आमजन के कल्याण हेतु कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट निराशाजनक है तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास को बाधित करने वाला है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के केवल नाम बदल रही है किन्तु इन योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों तक पहुंचाने की इस सरकार की मंशा नहीं है।





## राजस्थान सरकार के बजट 2024-25 पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की प्रतिक्रिया

हमारी सरकार ने मिशन 2030 के तहत राजस्थान को नंबर 1 बनाने का लक्ष्य रखा था। मुझे आशा थी कि हमारी सरकार जाने के बाद भाजपा सरकार कम से कम राजस्थान की बेहतरी के लिए इस मिशन को ध्यान में रखकर काम करेगी और विकास की बेहतरीन योजनाएं लाएगी। आज राजस्थान सरकार द्वारा लाए गए बजट का शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं लगता है।

हमारी सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में चलाई गईं योजनाओं एवं किए गए कामों में कमी बजट के आंकड़ों में साफ दिखाई दे रही है। इस बजट से ना जनता को राहत मिली है और ना ही कोई विकास का रोडमैप बन रहा है। पिछले 10 साल से जैसा केन्द्र सरकार का बजट नीरस एवं दिशाहीन होता है वैसे ही आज राजस्थान सरकार का बजट भी नीरस और दिशाहीन आया है.

जनता को उम्मीद थी कि मोदीजी की गारंटी के मुताबिक पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम की जाएंगी परन्तु ऐसा नहीं किया गया। बल्कि हमारी सरकार की महंगाई से राहत देने वाली योजनाओं जैसे 100 यूनिट फ्री बिजली, अन्नपूर्णा राशन किट, इन्दिरा रसोई, फ्री कृषि बिजली आदि के लिए कोई बजट आंवटन नहीं किया है यानी आने वाले दिनों में जनता को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। बजट के दिन ही रोडवेज एसी बसों का किराया 10 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाकर सरकार ने अपना उद्देश्य जाहिर कर दिया है।

सरकार ने बजट में नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे की उद्घफ बनाने की घोषणा कर वाहवाही लेने का प्रयास किया है। हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 10 करोड़ रुपये सड़कों के लिए देती थी जिसे इस सरकार ने 5 करोड़ रुपये कर दिया है। यह दिखाता है कि ये सरकार काम में नहीं सिर्फ पैकेजिंग में भरोसा करती है।

यह आश्चर्य की बात है कि 25 लाख रुपये राशि वाली चिरंजीवी बीमा योजना की जगह पर ये सरकार 5 लाख रुपये राशि की आयुष्मान भारत योजना को लागू करना चाहती है। चिरंजीवी योजना में राजस्थान का प्रत्येक परिवार कवर था पर आयुष्मान भारत में प्रदेश की 50% आबादी भी शामिल नहीं होगी। चिरंजीवी योजना में बड़ी संख्या में अस्पताल शामिल थे पर आयुष्मान योजना में अस्पतालों की संख्या बेहद कम है।

OPS को लेकर भी सरकार की कोई राय बजट में नहीं आई है। केन्द्रीय वित्त मंत्री लगातार डढर का विरोध करती रही हैं परन्तु राज्य की वित्त मंत्री ने डढर पर कोई राय नहीं रखी जिससे राज्य के कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति है। सरकार को डढर पर अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिए।

## महंगाई व बेरोजगारी कम करने के कोई ठोस कदम नहीं: पायलट

**जयपुर, 10 जुलाई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव श्री सचिन पायलट ने प्रदेश की भाजपा सरकार के पहले पूर्ण बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनता को सरकार से उम्मीद थी कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी को कम करने के लिए बजट में कोई ठोस कदम उठाये जायेंगे परन्तु आज प्रस्तुत बजट से प्रदेश की जनता को विशेषकर मध्यम वर्ग, किसान, युवाओं को निराशा ही हाथ लगी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के बाद देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर वाले राजस्थान की बेरोजगारी दर को कम करने का सरकार द्वारा बजट में कोई रोड़मैप प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को बेरोजगारी को कम करने के लिए अगले पांच सालों में 4 लाख भर्तियां करने का संकल्प मात्र लेने के स्थान पर इसके लिए ठोस कार्य योजना प्रस्तुत करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ते पर बजट में चुप्पी साध ली गई है जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई को कम करने के लिए भी बजट में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई को कम के लिए कोई काम नहीं किया गया है। केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद पेट्रोल, डीजल, केरोसीन के दामों को कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

श्री पायलट ने कहा कि ईआरसीपी के प्रथम फेज के कार्य आदेश क्या भारत सरकार द्वारा दोनों राज्यों की सहमति और राष्ट्रीय परियोजना घोषित हुए बिना तथा केंद्र से 90 प्रतिशत फंडिंग के बिना कर दिए। केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि का बजट भाषण में कोई उल्लेख नहीं है और न ही यह उल्लेख है कि ईआरसीपी और यमुना परियोजना के लिए केंद्र सरकार से इस वर्ष क्या सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर कर्ज का बार बार उल्लेख किया गया है, लेकिन भाजपा सरकार इस कर्ज को किस तरह कम करेगी इसका कोई रोडमैप बजट में नहीं रखा गया है। नए उद्योग हब बनाए जाने के साथ साथ वर्तमान एमएसएमई उद्योगों को घाटे से बाहर लाने के लिए कोई दृष्टिकोण प्रस्तुत नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जिन बड़ी योजनाओं की घोषणाएं की गई हैं, उनमें से अधिकतर योजनाओं पर इस वर्ष बहुत कम व्यय होना दिखाई देता है।

## क्रिस्ल फाउंडेशन व आरबीआई एवं नाबार्ड बैंक की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चमकता राजस्थान। वैर( राजवीर सिंह)** क्रिस्ल फाउंडेशन व आरबीआई एवं नाबार्ड बैंक की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बझेरा खुर्द के अंतर्गत ब्लॉक वैर में किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से एफएलसी मानसिंह मीना व उत्रछ से सेंटर मैनेजर दिनेश चंद मीना और ऊए्ड अजीराम मीना और फील्ड़ कोर्डिनेटर मोहिता कुमारी के द्वारा उपस्थित 40 प्रतिभागियों को पीएम डिजिटल साक्षरता व साइबर क्राइम के अंतर्गत हो रही ठगी के प्रति सावधान किया गया एवं बचने के उपाय बताए गए। डिजिटल बैंकिंग के बारे में जागरूक किया गया एवं एटीएम के द्वारा लेनदेन एवं एटीएम पर दुर्घटना बीमा एवं जीवन बीमा तथा कई अन्य सुविधाओं के बारे में समझाया गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे 22 और जीवन ज्योति बीमा योजना 4 अटल पेंशन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा गया '

## मिशन हरियालो जोधपुरा के अंतर्गत आज से पोधो का वितरण

- **अधिक से अधिक पेड लगाकर उनमें रोज पानी डालने का संकल्प ले: रतन लाल मीणा**

**सुमेर सिंह राव /उदयपुरवाटी/ जोधपुरा।** मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पर्यावरण को शुद्ध एंव सुरक्षित व लोगो के जीवन को बेहतर बनाने के लिए जोधपुरा गांव को हरा भरा करने लिए मिशन हरियालो जोधपुरा का आगाज किया गया । इस मिशन के अंतर्गत आज से समाज सेवी एंव सेवानिवृत प्रधानाचार्य रतन मीणा जोधपुरा ( अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद झुंझुनू) के द्वारा पौधों का वितरण किया गया ।पच्चीस पौधे रा उ मा विद्यालय जोधपुरा के प्रांगण मे लगाए जा रहे हैं ।इसके अलावा प्रमुख भामाशाह श्री ख्याली राम जी कुमावत के साथ मिलकर कुमावत समाज के शमसानो मे सौ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है । जिसका आज समतलीकरण का काम चल रहा है ।



इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले वर्ष भी पच्चास पौधे लगाए गए थे जिनमे से अङतीस पेडो की उचाई पाच छः फीट होगई है ।

कोई भी पर्यावरण प्रेमी पेड लगाना चाहिए तो निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं । ईस वर्ष एक सौ इकावन पेडो का पौधारोपण एंव दो सौ पौधों के वितरण का लक्ष्य है।

## अग्निवीर योजना के नाम पर झूठा नैरेटिव और भ्रम फैला रहा विपक्ष, अग्निवीर योजना का मकसद फौज को युवा रखना है: मेजर जनरल अनुज माथुर

चमकता राजस्थान

जयपुर, 10 जुलाई 2024। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सैनिक प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मेजर जनरल अनुज माथुर ने कहा कि हुए अग्नि वीर योजना राष्ट्र-हित, समाज-हित, सेना-हित एवं अग्निवीर हित में है, लेकिन विपक्ष द्वारा झूठे नैरेटिव के माध्यम से भ्रम फैलाने का काम किया है जो कि सत्य से बिल्कुल परे है।

जनरल माथुर ने कहा कि अग्नि वीर योजना कोई अचानक लाई गई योजना नहीं है, इस विषय पर 1962 के युद्ध उपरांत लंबी चर्चा हुई और इसकी सेना में आवश्यकता महसूस की गई। यदि हम अन्य युद्धों की बात करें 1965 और 1999 के कारगिल युद्ध के बाद भी अग्निवीर योजना को लेकर सुरक्षा क्षेत्र में चर्चा हुई। 1999 के कारगिल युद्ध कमेटी एवं ग्रुप आफ मिनिस्टर्स की कमेटी रिपोर्ट तथा छठे वेतन आयोग की सिफारिश के बाद इस विषय पर गहन अध्ययन हुआ एवं उसके बाद में इस योजना को सरकार ने लागू किया।

जनरल माथुर ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सेना की प्रोफाइल से युवाओं को जोडना और युवाओं को सेना में आधुनिक तकनीकी की तरफ आकर्षित करना है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय एकता, राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करना, सेना को युवा बनाए रखना, सेना में युवा एवं अनुभव का संतुलन तथा सेना का आधुनिकरण। इस योजना के तहत महिलाओं को भी तीनों सेनाओं में अवसर प्रदान किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में मेजर घनश्याम सिंह राठौड़, प्रदेश संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ, कर्नल रमेश बियाला, सह-संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ एवं कमांडर बनवारी लाल और प्रदेश मीडया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।



### राजस्थान डेल्फिक काउंसिल का स्थापना दिवस

## डेल्फिक आंदोलन से जीवंत हो रही प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत : अध्यक्ष राजस्थान डेल्फिक काउन्सिल

### राजस्थान कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाला देश का पहला पंजीकृत क्षेत्रीय डेल्फिक परिषद

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 10 जुलाई।** राजस्थान डेल्फिक काउंसिल का तीसरा स्थापना दिवस कार्यक्रम बुधवार को राजधानी में आयोजित किया गया। काउन्सिल की अध्यक्ष श्रीमती श्रेया गुहा ने बताया कि काउन्सिल गत तीन वर्षों में प्रदेश में युवाओं को राज्य की लोक, कला, संगीत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सफल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेल्फिक आन्दोलन के ज़रिये डेल्फिक कलाओं (शास्त्रीय संगीत, भारतीय ×फिल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य, फोटोग्राफी) के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढाने के लिए छह नये डेल्फिक क्लब का भी गठन किया गया है। जिसके ज़रिये कला व संस्कृति के प्रदर्शन के लिए युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है।




कार्यक्रम में भारतीय डेल्फिक काउन्सिल के अध्यक्ष श्री एन. एन. पांडेय (से.नि आई.ए.एस.) ने कहा कि राजस्थान कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाला देश का पहला क्षेत्रीय पंजीकृत डेल्फिक परिषद है। आज डेल्फिक आंदोलन में राजस्थान ने देश को नयी राह दिखाई है, जिसका अनुसरण अन्य राज्यो को भी करना चाहिए। उन्होंने गत वर्षों में राजस्थान डेल्फिक काउंसिल द्वारा लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में किए गये प्रयासों के लिए काउन्सिल की अध्यक्ष श्रीमती श्रेया गुहा सहित पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में न्यूयोर्क से अंतराष्ट्रीय डेल्फिक काउंसिल की प्रतिनिधि श्रीमती रोर्बटा विलियम ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के द्वारा वैश्विक स्तर पर अन्य देशों को राज्य की प्राचीन कला, संस्कृति, नृत्य व संगीत शेलीं को जानने का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम में द्वारा लोक कलाओं के प्रोत्साहन के लिए आयोजित किए गये कार्यक्रमों शरद रंग, मोमासर, रंग मस्ताने की भी झलकियाँ प्रस्तुत की गई।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान डेल्फ़कि काउंसिल भारतीय डेल्फ़कि काउंसिल और इंटरनेशनल डेल्फ़कि काउंसिल का एक हिस्सा है, जो एक स्वैच्छिक, गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी, गैर-राजनीतिक, गैर-धार्मिक, समावेशी वैश्विक संगठन है।

इस अवसर पर भारतीय डेल्फिक काउन्सिल के उपाध्यक्ष श्री अजय मिश्रा, महासचिव श्री राजेश प्रसाना भी वर्चुअल्ली जुड़े। इसके साथ ही राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के महासचिव डॉ जितेंद्र सोनी (आई.ए.एस.) काउन्सिल के सदस्य सुश्री कीर्ति शर्मा, सुश्री शिप्रा शर्मा, श्री नवीन त्रिपाठी, श्री राहुल सूद भी उपस्थित रहें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929